इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 318 | राजनांदगांव, शनिवार 10 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

सीजेपी का आज दिल्ली में प्रदर्शन: 4 किलोमीटर के दायरे में 24 घंटे बंद रहेगा मोबाइल इंटरनेट; पुलिस का बड़ा आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले पुलिस ने मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। जनपथ-कर्तव्य पथ चौराहे के आसपास 4 किलोमीटर के दायरे में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रखने का निर्देश दिया गया है। आदेश के मुताबिक, यह पाबंदी 9 अक्टूबर 2026 की रात 10 बजे से 10 अक्टूबर 2026 की रात 10 बजे तक लागू रहेगी। दिल्ली पुलिस ने दूरसंचार कंपनियों एयरटेल, जियो, वोडाफोन-आइडिया और एमटीएनएल को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। यह फैसला 10 अक्टूबर को प्रस्तावित सीजेपी के प्रदर्शन से पहले सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर लिया गया है।

दिल्ली में कहां-कहां बंद रहेगा मोबाइल इंटरनेट?

पुलिस के आदेश के अनुसार, जनपथ-कर्तव्य पथ चौराहे से 4 किलोमीटर के दायरे में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। निर्धारित अवधि के दौरान इस क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोगों को ऑनलाइन सेवाओं में परेशानी हो सकती है।

एयरटेल, जियो समेत इन कंपनियों को निर्देश

दिल्ली पुलिस के उपायुक्त कार्यालय की ओर से शुक्रवार शाम जारी आदेश में एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया, जियो और एमटीएनएल को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा गया है। आदेश में दूरसंचार अधिनियम, 2023 की धारा 20(2)(बी) और दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन से जुड़े नियम, 2024 के नियम 3(1) का उल्लेख किया गया है। इसमें केंद्रीय गृह सचिव की ओर से मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने के अनुरोध पर विचार किए जाने की बात कही गई है।

कल तक के लिए बंद हुए 57 मेट्रो स्टेशन

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार रात 9 बजे से शनिवार तक 57 मेट्रो स्टेशनों के एंट्री और एग्जिट गेट बंद कर दिए गए हैं। दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर 10 स्टेशन बंद किए गए है। सबसे अधिक मेट्रो स्टेशन यलो लाइन पर बंद हुए हैं। यहां कल तक के लिए 20 मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए हैं। इसी तरह ब्लू लाइन पर आठ स्टेशन बंद किए गए हैं। बैंगनी लाइन पर सात मेट्रो स्टेशन बंद किए गए हैं। पिंक लाइन पर सात स्टेशन बंद किए गए हैं। वहीं मजैंटा लाइन पर चार स्टेशन बंद किए गए हैं। ऑरेंज लाइन का एक मेट्रो स्टेशन बंद किया गया है।

नई दिल्ली-निजामुद्दीन आने वाली 66 ट्रेनें रद्द,

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ने की आशंका है। 10 अक्तूबर को नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों के आसपास भारी यातायात जाम की आशंका के चलते ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इसका असर लंबी दूरी की कई ट्रेनों पर पड़ रहा है। इनमें राजधानी एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें भी शामिल हैं। ऐसे में शनिवार और रविवार यानी 9 और 10 अक्तूबर को दिल्ली पहुंचने या यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अपनी ट्रेन की स्थिति जानना जरूरी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राहुल गांधी समेत 10 विपक्षी नेताओं की राष्ट्रपति से मुलाकात, बोले- वोट चोरी के आरोपों से इनकार नहीं, हमसे सबूत मांगे

नई दिल्ली। वोट चोरी के आरोपों और वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष का विरोध जारी है. इसी कड़ी में शुक्रवार को विपक्षी दलों के सांसद संसद के सेंट्रल हॉल में जुटे. यहां से सभी मार्च करते हुए विजय चौक तक पहुंचे और धरने पर बैठ गए. वहीं राहुल गांधी के नेतृत्व में 10 विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की. राष्ट्रपति भवन की तरफ से 10 सांसदों को मिलने के लिए शुक्रवार रात 8 बजे का समय दिया गया था. राष्ट्रपति से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, एमए बेबी, डी. राजा, सपा सांसद राजीव राय, सुप्रिया सुले, जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला और आरजेडी सांसद मनोज झा शामिल थे.

मुलाकात के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम सभी ने राष्ट्रपति के सामने अपनी बात रखी है और वोट चोरी का मुद्दा उठाया. हमने उनसे मांग की है कि फिर से चुनाव कराने की मांग की है. ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से मतदान कराने की भी मांग की गई है. राष्ट्रपति ने हमसे सबूत मांगे हैं. ममता बनर्जी ने बताया कि राष्ट्रपति ने हमसे सबूत देने को कहा है. हमने उनसे वोट चोरी के मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग की है. उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाया है और जनता की आवाज सुनी है. अब हम राष्ट्रपति को वोट चोरी से संबंधित सबूत सौंपेंगे. विपक्षी दलों का आरोप है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान पारदर्शिता नहीं बरती गई और जबरन वोटर्स के नाम हटाए गए. इसी मुद्दे को लेकर विपक्ष लगातार मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे और पूरे मामले की जांच की मांग कर रहा है. हालांकि चुनाव आयोग और भाजपा ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है.

राहुल गांधी का आरोप- मोदी वोट चोरी के वास्तुकार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पूरा देश जानता है कि वोट चुराए जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी इसके वास्तुकार हैं; अमित शाह और ज्ञानेश कुमार इसके कार्यान्वयनकर्ता हैं। भारत के राष्ट्रपति ने आज इस तथ्य से इनकार नहीं किया। राहुल गांधी ने बैठक को अपने लिए हैरान करने वाला बताते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची है।

राष्ट्रपति भवन की ओर जाने वाले रायसीना हिल्स इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है. राहुल के नेतृत्व में 10 सांसद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

छावनी बना दिल्ली-एनसीआर: प्रदर्शन से पहले बॉर्डर पर अलर्ट, सीमेंट के बैरिकेड्स मंगाए; 23 हजार जवान तैनात

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में 10 अक्तूबर को जंतर मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन के आह्वान से पहले एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। वहीं दिल्ली से लेकर एनसीआर तक सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के बॉर्डर पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। जहां मेट्रो स्टेशन बंद रहेंगे तो वहीं ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। इसके अलावा बॉर्डरों पर बैरिकेट्स भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में पूरी दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पूर्वोत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने युवाओं से उन स्थानों पर प्रदर्शन न करने का आग्रह किया जहां अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने मस्जिदों और मौलवियों से भी इस संदेश को फैलाने की अपील की। दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर पर सीजेपी प्रदर्शन के मद्देनजर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है। कनॉट प्लेस में शनिवार को संभावित विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए कनॉट प्लेस के सभी दुकानदारों, कार्यालयों और रेस्तरां संचालक एहतियातन अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। कारोबारियों ने शनिवार को किसी अप्रिय स्थिति से बचने और संपत्ति को संभावित नुकसान या किसी व्यक्ति के घायल होने की आशंका को देखते हुए प्रतिष्ठान बंद रखने का फैसला लिया है। व्यापारियों ने बताया कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए व्यापारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

दिल्ली प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: कहा- सब कुछ ठप नहीं कर सकते; मेट्रो पाबंदियों पर पुनर्विचार करें

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को प्रस्तावित कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन से पहले लगाए गए सुरक्षा प्रतिबंधों पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाना जरूरी है, लेकिन इसके नाम पर राजधानी में सब कुछ ठप नहीं किया जा सकता। मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित होने से आम यात्रियों को होने वाली परेशानी पर भी अदालत ने चिंता जताई।

मक्खी मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल न करें

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान आनुपातिकता के सिद्धांत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी समस्या को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदम जरूरत के हिसाब से होने चाहिए। उन्होंने कहा, हर नागरिक के लिए हम जिस एक बहुत महत्वपूर्ण सिद्धांत का पालन करते हैं, वह आनुपातिकता का सिद्धांत है। आपको कुछ चीजों को रोकना है। उन्हें रोकने के लिए उतने ही कदम उठाएं, जितने जरूरी हों। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मक्खी मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल किया जाए। इस सिद्धांत को ध्यान में रखना होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों से कहा कि उन मेट्रो स्टेशनों की संख्या कम करने पर विचार किया जाए, जिन्हें बंद रखने का प्रस्ताव है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मीर जाफर की याद आ रही है... स्टारलिंक विवाद के बीच बीजेपी का राहुल गांधी पर निशाना

नई दिल्ली। भारत में एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक की संभावित एंट्री को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है. एलन मस्क के एक सोशल मीडिया पोस्ट पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया के बाद सियासी विवाद खड़ा हो गया है. अब बीजेपी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेशी हितों के साथ खड़े होने का आरोप लगाया है. बीजेपी का कहना है कि भारत की नीतियों और निर्णयों को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को देश की जनता समझ रही है. इसी बहस के बीच बीजेपी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उनकी तुलना मीर जाफर से कर दी.बीजेपी प्रवक्ता सिद्धार्थ यादव ने कहा कि मैं आज राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या उनका भारत के लोकतंत्र और संस्थाओं पर विश्वास खत्म हो गया है? क्या वह अपनी राजनीति फंडिग के लिए विदेशी धनकुबेरों की ओर देख रहे हैं? क्या विदेशी पूंजीपतियों के साथ सुर मिलाकर भारत में राजनीतिक एजेंडा चलाने की कोशिश की जा रही है. राहुल गांधी के इस व्यवहार को देखकर मीर जाफर की याद आती है, जिन्होंने विदेशियों के साथ मिलकर अपने ही देश को कमजोर करने का काम किया था. सिद्धार्थ यादव ने आगे कहा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

भारतीय मूल की नवी पिल्लै को शांति का नोबेल: रंगभेद के खिलाफ संघर्ष करने वालों की कानूनी लड़ाई में की मदद

नई दिल्ली। नोबेल शांति पुरस्कार 2026 का ऐलान हो गया है। नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी ने भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी न्यायविद् नवनीतम 'नवी' पिल्लै को इस सम्मान के लिए चुना है। उन्हें शांति और अंतरराष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों और नरसंहार के मामलों में दोषियों पर मुकदमा चलाने की दिशा में अहम भूमिका निभाई है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, नवी पिल्लै ने असाधारण साहस और ईमानदारी के साथ वैश्विक कानूनी व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दिया है। उनका लंबा करियर कानून के शासन, न्याय और मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

भारतीय तमिल मूल के परिवार में हुआ जन्म

नवी पिल्लै का जन्म दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारतीय तमिल मूल के एक परिवार में हुआ था। उनका शुरुआती जीवन रंगभेद की व्यवस्था के दौर में बीता। उन्होंने वकील के रूप में अपना करियर शुरू किया और भेदभाव, नस्लीय अलगाव तथा सामाजिक बहिष्कार के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी। रंगभेद के खिलाफ संघर्ष करने वाले नेल्सन मंडेला और अन्य लोगों का बचाव करना उनके शुरुआती करियर का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। बाद में वह दक्षिण अफ्रीका की हाई कोर्ट में न्यायाधीश बनीं। उन्होंने अपने काम से न्याय व्यवस्था में महत्वपूर्ण पहचान बनाई।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालयों में निभाई अहम भूमिका

नवी पिल्लै ने अपने करियर में कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में जिम्मेदारियां संभाली हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की हाई कोर्ट, रवांडा के लिए गठित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में काम कर चुकी हैं। वह संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त भी रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र पर संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की अध्यक्षता की। नोबेल कमेटी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वह फिलहाल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

दिल्ली पुलिस का भावुक पत्र: लिखा- फर्क सिर्फ यूनिफॉर्म का है, इंसानियत का नहीं, आपकी सुरक्षा हमारा फर्ज

दिल्ली। राजधानी में प्रदर्शनों और सुरक्षा इंतजामों के बीच दिल्ली पुलिस ने नागरिकों के नाम एक भावुक खुला पत्र साझा किया है। इसमें पुलिस ने लोगों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी का जिक्र करते हुए याद दिलाया है। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार विश्व डाक दिवस के मौके पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्टकार्ड साझा करते हुए लिखा, प्रिय नागरिक, आपकी आवाज आपका हक है और आपकी सुरक्षा हमारा फर्ज। यूनिफॉर्म के पीछे भी एक इंसान है, जिसका अपना परिवार है, अपने लोग हैं। फर्क सिर्फ यूनिफॉर्म का है, इंसानियत का नहीं। पत्र के अंत में विद केयर, दिल्ली पुलिस लिखा गया है।

दिलचस्प यह कि दिल्ली पुलिस ने अपने संदेश को पोस्टकार्ड का रूप दिया है। इसमें डाक टिकट की जगह जंतर-मंतर की तस्वीर दिखाई गई है, जबकि पोस्टकार्ड के दूसरे हिस्से में इंडिया गेट नजर आता है। इस तरह पत्र के जरिये पुलिस ने राजधानी के नागरिकों से सीधे संवाद करने की कोशिश की है। दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त मधुर वर्मा ने शुक्रवार को पुलिसकर्मियों से संयम के साथ भीड़ को नियंत्रित करने को कहा। मध्य रेंज के पुलिस संयुक्त आयुक्त वर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नाना पाटेकर के निधन मामले में केस दर्ज: मौत के कारणों का पता लगाएगी पुलिस; देर रात हुआ अंतिम संस्कार

नई दिल्ली। गोवा पुलिस ने अभिनेता नाना पाटेकर के निधन मामले में मेडिको-लीगल 'अप्राकृतिक मौत' का केस दर्ज किया है। पुलिस मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिवार के बयानों की जांच करेगी। न्यूज एजेंसी IANS के अनुसार, गोवा पुलिस ने BNS की धारा 194 के तहत केस दर्ज किया है। पीएसआई नितिन नाइक इसकी जांच कर रहे हैं। पणजी में दर्ज केस के मुताबिक, नाना पाटेकर को गुरुवार सुबह गोवा के डोना पाउला स्थित ओशन पार्क से मणिपाल अस्पताल, बांबोलिम लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात पुणे के फार्महाउस में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

अस्पताल ने कहा- मृत लाया गया, कार्डियक अरेस्ट की आशंका

मणिपाल अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉक्टर शेखर सालकर ने बताया कि नाना पाटेकर को अस्पताल में मृत अवस्था में ही लाया गया था। इसी वजह से पुलिस केस दर्ज कराना पड़ा और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज के मुर्दाघर भेजा गया। डॉक्टर के मुताबिक प्राथमिक तौर पर यह कार्डियक अरेस्ट का मामला लगता है। उन्होंने बताया कि नाना पाटेकर पहले से दिल की बीमारी के मरीज थे और उनका इलाज चल रहा था।

बेटे ने बताई देर रात अंतिम संस्कार की वजह

न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में नाना के बेटे मल्हार पाटेकर ने देर रात अंतिम संस्कार करने की वजह बताई। मल्हार ने कहा कि परिवार गोवा में था और पार्थिव शरीर को पुणे स्थित गांव के फार्महाउस लाने में समय लग गया। चूंकि निधन सुबह जल्दी हो गया था और काफी समय बीत चुका था, इसलिए परिवार ने गुरुवार को ही इसे संपन्न करने का निर्णय लिया। मल्हार ने कहा कि नाना साहब जैसे इंसान अपनी उपलब्धियों के जरिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नंदीग्राम में भाजपा कैंडिडेट ने सीएम शुभेंदु का रिकॉर्ड तोड़ा: उपचुनाव में 1.22 लाख वोटों से जीते; पुडुचेरी में एनडीए, तमिलनाडु की दोनों सीटें टीवीके जीती

कोलकाता/चेन्नई/गुवाहाटी/पुडुचेरी। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी की 5 विधानसभा सीटों और असम की एक लोकसभा के उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को आ गए। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर सीटें भाजपा ने जीत ली है। वहीं तमिलनाडु की दो सीटों पर टीवीके ने कब्जा किया।

उधर, पुडुचेरी की एक विधानसभा सीट पर एनडीए ने जीत हासिल की। वहीं, असम के नगांव लोकसभा सीट पर भाजपा आगे चल रही है। नंदीग्राम सीट पर बीजेपी प्रत्याशी हसीरानी रथ 122753 वोटों से जीत गई हैं। उन्हें कुल 164427 वोट मिले। हसीरानी ने इस सीट पर सीएम शुभेंदु अधिकारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हसीरानी ने 1,22,753 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह 1967 के सीट के अस्तित्व में आने के बाद जीत का सबसे बड़ा अंतर है। इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड 2016 में शुभेंदु अधिकारी के नाम था। तब उन्होंने टीएमसी के टिकट पर सीपीआई के अब्दुल कबीर शेख को 81,230 वोटों से हराया था। वही तमिलनाडु की दोनों सीटें हारने के बाद डीएमके के एमके स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु उपचुनाव लोकतंत्र की खुली हत्या थे।

उपचुनावों की जीत दिखाती है कि लोगों का हमसे गहरा जुड़ाव-मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी के उपचुनावों में बीजेपी-एनडीए को आशीर्वाद देने के लिए लोगों का आभार जताया और कहा कि यह जीत एक बार फिर दिखाती है कि लोगों का गठबंधन के सुशासन के एजेंडे से गहरा जुड़ाव है।

भीड़तंत्र को लोकतंत्र ने दिया जवाब - स्मृति ईरानी

तीन राज्यों की पांच विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतगणना हुई। इनमें से कई सीटों पर बीजेपी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राज्यसभा चुनाव में यूपी समेत 3 राज्यों में चला बीजेपी का विजय रथ, जीतीं 10 सीटें; सपा को 2 मिलीं लेकिन कांग्रेस का पत्ता साफ

राज्यसभा चुनाव 2026 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में बीजेपी का डंका बजा है। 12 सीटों पर चुनाव हुआ और उसमें 10 सीटें अकेले बीजेपी ने जीत ली हैं। सपा को भी उत्तर प्रदेश की 2 राज्यसभा सीटें जीतने में कामयाबी मिली है। हालांकि, कांग्रेस इस चुनाव में 1 भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। जानें किस उम्मीदवार को कहां से जीत मिली है।

उत्तर प्रदेश की बात करें तो राज्यसभा चुनाव में बिना वोटिंग के ही बीजेपी के गोपीकृष्ण पांडे, धर्मपाल सिंह, प्रियंका सिंह रावत, राधाकांत ओझा, राम प्रकाश पाल, राम प्रताप सिंह, विद्या सागर सोनकर और श्रुति गंगवार को जीत मिल गई है। वहीं, सपा के टिकट पर धनराज नाथवानी और रामगोपाल यादव ने विजय हासिल की है। ये सभी निर्विरोध चुनाव जीते हैं। वहीं, उत्तराखंड के राज्यसभा चुनाव में बीजेपी के दिनेश कुमार आर्य की जीत हुई है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में निर्विरोध निर्वाचित हुए इन सभी सांसदों का कार्यकाल 25 नवंबर 2032 तक रहेगा। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में राज्यसभा सीट पर उपचुनाव हुआ था क्योंकि मौजूदा AITC की सांसद रुक्मिणी मलिक ने अपने पद से इस्तीफा दिया था।

प्रदेश में 18 आईपीएस अफसरों का तबादला: अमन कुमार बने SP (SIA), अजय को SP (SIB) की जिम्मेदारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने शुक्रवार को 18 आईपीएस और राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। गृह (पुलिस) विभाग की ओर से जारी आदेश में 2021 से 2024 बैच तक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें कई अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP), नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) और सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। सभी तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

वैशाली जैन जगदलपुर एएसपी (ऑप्स)

बीजापुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) रहे अमन कुमार रमन कुमार को पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में पुलिस अधीक्षक (SIA) बनाया गया है। नारायणपुर में पदस्थ अजय कुमार को पुलिस अधीक्षक (SIB) की जिम्मेदारी दी गई है। आकाश श्रीमाल को सहायक पुलिस महानिरीक्षक (अ.अ.वि.), जबकि अक्षय प्रगोद सबद्रा को सहायक पुलिस महानिरीक्षक (योजना/प्रबंध) बनाया गया है। एसटीएफ बघेरा, दुर्ग में पदस्थ आकाश कुमार शुक्ला को सहायक पुलिस महानिरीक्षक (ANTF) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीजापुर में पदस्थ रविन्द्र कुमार मीणा को पुलिस अधीक्षक (चिटफंड एवं महिला विरुद्ध अपराध) बनाया गया है। वहीं, सुकमा में पदस्थ रोहित कुमार शाह को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

कलेक्टर ने हॉकी स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्यों का लिया जायजा : ऑडिटोरियम, डिजिटल लाइब्रेरी और एसबीआई बैंक का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और जनसुविधाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव भी उनके साथ मौजूद रहे। कलेक्टर ने सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पहुंचकर वहां जारी जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने आरके नगर में प्रस्तावित ऑडिटोरियम निर्माण स्थल का अवलोकन किया और संबंधित तकनीकी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डिजिटल लाइब्रेरी में सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जितेन्द्र यादव डिजिटल लाइब्रेरी पहुंचे, जहां उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पाठ्य सामग्री, इंटरनेट एवं अन्य व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अध्ययन के लिए शांत व अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लाइब्रेरी में आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था और प्रसाधन कक्षों के समुचित रखरखाव के निर्देश दिए।

प्रस्तावित ऑडिटोरियम स्थल का अवलोकन कर गुणवत्ता व समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

सोलर योजना की सब्सिडी में देरी पर बैंक पहुंचे कलेक्टर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों को सब्सिडी मिलने में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दिग्विजय स्टेडियम परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा पहुंचे। उन्होंने बैंक प्रबंधन से लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि सब्सिडी भुगतान के सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने वार्डवासियों से सीधे मिलकर छतों पर सोलर पैनल लगाने और योजना का लाभ उठाकर बिजली बिल घटाने के लिए प्रेरित किया। इस निरीक्षण दौरे के दौरान जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम सहित जिला व निगम प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चीन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव, तैयारियों के लिए मिली आर्थिक सहायता

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में राजगामी संपदा न्यास और जिला प्रशासन ने बढ़ाया हाथ

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव एक बार फिर वैश्विक पटल पर भारत का परचम लहराने के लिए तैयार हैं। चीन में आयोजित होने वाली आगामी अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में वे भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी उच्चस्तरीय तैयारियों और खेल संसाधनों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में उन्हें विशेष आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। यह सहायता जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के समन्वय से रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू के माध्यम से उपलब्ध कराई गई।

पटियाला में चल रहा कड़ा अभ्यास, परिजनों ने लिया चेक

ज्ञानेश्वरी यादव वर्तमान में आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में गहन खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अभ्यास सत्र में व्यस्त होने के कारण वे स्वयं उपस्थित नहीं हो सकीं। जिसके चलते उनकी माता श्रीमती दुर्गा यादव एवं भाई रितेश यादव ने सहायता राशि का चेक प्राप्त किया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वरी की माता ने न्यास और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के समयोचित सहयोग से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं।

संस्कारधानी की बेटी से पदक की उम्मीदें

विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्वर्ण पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा चुकीं ज्ञानेश्वरी की इस नई उपलब्धि से जिले के खेल जगत में हर्ष का माहौल है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिभा और कड़े परिश्रम के साथ-साथ सही समय पर मिलने वाला प्रशासनिक व वित्तीय संबल खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर पहुंचाने में निर्णायक साबित होता है। अब सभी खेलप्रेमियों की निगाहें चीन में होने वाली प्रतियोगिता पर टिकी हैं। जहां राजनांदगांव की यह होनहार वेटलिफ्टर एक बार फिर तिरंगा लहराने के इरादे से मंच पर उतरेंगी।

आज पितृ मोक्ष अमावस्या : ज्ञात-अज्ञात पितरों का होगा श्राद्ध-तर्पण, गायत्री शक्तिपीठ में भी होंगे विशेष अनुष्ठान



राजनांदगांव (दावा)। अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या यानी सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर आज संस्कारधानी में श्रद्धा और कृतज्ञता का माहौल रहेगा। इस दिन परिवार के सभी ज्ञात एवं अज्ञात पूर्वजों का स्मरण कर उनके मोक्ष और आत्मशांति के लिए विधि-विधान से अंतिम श्राद्ध-तर्पण किया जाएगा। शहर और ग्रामीण अंचलों के प्रमुख नदी-सरोवरों तथा धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही तर्पण व पिंडदान करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगेगा।

सोलह दिनों तक चला पितृ आराधना का क्रम

उल्लेखनीय है कि भाद्रपद मास की पूर्णिमा से प्रारंभ हुए 16 दिवसीय पितृ पक्ष के दौरान तिथिवार पूर्वजों का श्राद्ध संपन्न किया गया। बाल पूर्वजों के निमित्त विशेष तर्पण, मातृ नवमी पर माताओं-बहनों का श्राद्ध और अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए परिजनों के लिए निर्धारित तिथियों पर विधि-विधान से तर्पण किया गया। इस दौरान लोगों ने पवित्र नदियों और जलाशयों के तट पर तिल, जौ, अक्षत, कुश और पुष्प अर्पित कर पितरों को तृप्त किया। घरों में भी परात में जल लेकर तर्पण किया गया तथा कौवों, गायों, श्वान और अन्य मूक प्राणियों को ग्रास (भोग) अर्पित कर ब्राह्मण व स्वजनों को भोजन कराया गया।

अमावस्या पर छूटी हुई तिथियों का एक साथ समाधान

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो लोग किसी कारणवश अपने पितरों की मृत्यु तिथि भूल गए हों या निर्धारित तिथि पर श्राद्ध न कर पाए हों, वे सर्व पितृ अमावस्या पर सभी पूर्वजों के निमित्त तर्पण व पिंडदान कर सकते हैं। आज पितरों की विदाई का दिन होने से ब्राह्मण भोज, जरूरतमंदों को दान-पुण्य तथा ईष्ट-मित्रों के साथ सहभोज के आयोजनों से पूरे नगर में संस्कारमय व अनुष्ठानिक वातावरण बना रहेगा।

गायत्री शक्तिपीठ में विशेष तर्पण एवं अनुष्ठान

सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में भी सामूहिक श्राद्ध-तर्पण एवं शांति पाठ के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यहां वैदिक मंत्रोच्चार और देव संस्कृति परंपरा के अनुसार परिजनों को पूर्वजों के निमित्त आहुति व तर्पण कराने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा भंडारे व अन्नदान के सेवा प्रकल्प भी संचालित किए जाएंगे। इसके बाद कल से शारदीय नवरात्र के पावन पर्व का शुभारंभ होगा।

यूजीसी के नियमों पर सर्व समाज का शक्ति प्रदर्शन, सुधार की मांग को लेकर प्रशासन तक पहुंचाई आवाज

0 जिलेभर से परशुराम भवन पहुंचे समाज प्रमुख, नियमों की निष्पक्ष समीक्षा और आरक्षण व्यवस्था में सुधार की उठाई मांग

0 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह बोले - शिक्षा के नियम ऐसे हों, जिनसे किसी वर्ग में अन्याय या भेदभाव की आशंका न रहे

राजनांदगांव (दावा)। यूजीसी के नियमों और आरक्षण व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल अब सामाजिक एकजुटता का रूप लेने लगे हैं। राजनांदगांव में मठपारा स्थित परशुराम भवन में आयोजित बैठक में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे समाज प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। बैठक में नियमों की कमियों, उनके क्रियान्वयन और शिक्षा व्यवस्था में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के मुद्दे उठे। चर्चा केवल विरोध तक सीमित नहीं रही, बल्कि सर्व समाज ने अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में उठी आवाज के केंद्र में सवाल था कि शिक्षा से जुड़े नियमों में पारदर्शिता, समान अवसर और सभी पक्षों के अधिकारों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए।

नियमों पर सवाल, निष्पक्ष समीक्षा की मांग

बैठक में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था के नियम किसी भी वर्ग के मन में अन्याय या भेदभाव की आशंका पैदा करने वाले नहीं होने चाहिए। नियमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित और निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण देना होना चाहिए। यदि किसी प्रावधान को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, तो उनकी अनदेखी करने के बजाय निष्पक्ष समीक्षा की जानी चाहिए।

निष्पक्ष सुनवाई हो, सामानता बनी रहे

बैठक में जिले के शिक्षाविद नीरज बाजपेयी ने कहा कि यूजीसी के नियमों को लेकर उठ रही आपत्तियों पर व्यापक चर्चा जरूरी है। शिकायतों की जांच की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के साथ निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। नियमों के दुरुपयोग की आशंका को दूर करने के लिए स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए, ताकि किसी निर्दोष को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी पुनर्विचार और सुधार की मांग को प्रमुखता से उठाया।

परशुराम भवन में जुटे प्रतिनिधियों ने यूजीसी के नियमों और आरक्षण व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। सर्व समाज की ओर से प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नियमों में सुधार की मांग की गई। प्रतिनिधियों का जोर इस बात पर रहा कि शिक्षा नीति और उससे जुड़े प्रावधानों पर निर्णय लेते समय सभी वर्गों की आशंकाओं और सुझावों को गंभीरता से सुना जाए। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से लोगों की मौजूदगी ने इस मुद्दे पर सामूहिक चर्चा की आवश्यकता को सामने रखा। अब ज्ञापन के माध्यम से उठाई गई मांगों पर संबंधित प्राधिकारियों का रुख महत्वपूर्ण होगा। समाज के प्रतिनिधियों की मांग है कि यूजीसी के नियमों की समीक्षा कर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिसमें पारदर्शिता, निष्पक्षता और सभी के अधिकारों का संतुलन बना रहे। सर्व समाज की ओर से प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के दौरान भारत तिवारी, संजय बहादुर सिंह, दशरथ शर्मा, महेश शर्मा, राज कुमार शर्मा, आलोक तिवारी, महेंद्र शुक्ला, रूपेश दुबे, विवेक शर्मा, गौरव पचौरी, विजय शर्मा, पीयूष शर्मा, विजय अग्निहोत्री और अरविंद मिश्रा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मरीजों के बीच पहुंचीं जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जाना हालचाल, अस्पताल परिसर में किया पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुरगी में जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और ग्रामीणों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपचाराधीन मरीजों से सीधे मिलकर उनका हालचाल जाना और अस्पताल से मिल रही दवाओं, भोजन व अन्य चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों की संवेदनशीलता के साथ देखभाल करने और समय पर समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के उपरांत जनपद अध्यक्ष ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा केंद्रों में स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहायक होता है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु सुकृत साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद्राकर, घुमका बीएमओ डॉ. उषा विंध्यराज, जनपद सदस्य रोहित चंद्राकर, डॉ. तेजेंद्र वर्मा, डॉ. श्वेता बंछोर, सुपरवाइजर हेमंत ठाकुर, आरएचओ संजय सोनी, यामिनी देशमुख, भगवती मंडावी, बेबी शशि मेश्राम, भूपेश्वरी साहू, विनय राजपूत, हुलासी ढीमर, तेज प्रकाश सिन्हा एवं दीनबंधु सिन्हा सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

निर्माण कार्यों में पारदर्शिता के लिए स्थल पर 'सिटिजन इंफॉर्मेशन बोर्ड' लगाना अनिवार्य करें : अशोक फडनवीस

राजनांदगांव (दावा)। शहर और जिले में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद गुणवत्ता की कमी के चलते कुछ ही महीनों में सड़कों के उखड़ने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक फडनवीस ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि सभी निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कार्यस्थल पर 'सिटिजन इंफॉर्मेशन बोर्ड' (नागरिक सूचना पट्ट) लगाना अनिवार्य किया जाए।

श्री फडनवीस ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार ने वर्ष 2012 और 2016 में निर्माण कार्यों में पारदर्शिता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे। नियमों के मुताबिक काम शुरू होने से पहले स्थल पर बोर्ड लगाकर कार्य का पूरा ब्योरा प्रदर्शित करना आवश्यक है। इसके बावजूद शहर में कई स्थानों पर बोर्ड नहीं लगाए जा रहे, जिससे नागरिकों को स्वीकृत राशि, कार्य प्रारंभ की तिथि और कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा की जानकारी नहीं मिल पाती। उन्होंने मांग की कि बोर्ड पर सड़क व नाली की लंबाई, चौड़ाई, मोटाई, स्वीकृत बजट और संबंधित सब-इंजीनियर का नाम व मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिखा जाए, ताकि नागरिक स्वयं कार्यों की निगरानी कर सकें और गड़बड़ी पर जवाब मांग सकें।

करोड़ों खर्च, फिर भी सड़कों पर धूल और गड्ढे

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि निगम क्षेत्र में पिछले दो वर्षों के दौरान डामरीकरण पर करोड़ों रुपये फूंक दिए गए, लेकिन चंद महीनों में ही सड़कों की ऊपरी परत उखड़ गई और गड्ढे बन गए। इससे जनता की गाढ़ी कमाई और टैक्स के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कार्य मापदंडों के अनुसार हुआ है, तो सड़कें इतनी जल्दी क्यों बर्बाद हो रही हैं? उन्होंने निर्माण के दौरान जिम्मेदार इंजीनियरों की मौके पर अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि सामग्री की गुणवत्ता और डामर की मोटाई की तकनीकी जांच होनी चाहिए। श्री फडनवीस ने सड़कों के ऊपर बार-बार नई परत बिछाने की कार्यप्रणाली पर भी तकनीकी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पुरानी व क्षतिग्रस्त परत को हटाए बिना ऊपर से डामर डालने से सड़कों का स्तर आसपास के मकानों से ऊंचा हो जाता है। इससे लोगों की आवाजाही और बारिश के पानी की निकासी बाधित होती है। केवल लीपापोती करने के बजाय सड़क का वैज्ञानिक और तकनीकी आकलन कर टिकाऊ निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से मांग की कि शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराते हुए हर निर्माण स्थल पर बोर्ड लगवाया जाए।

बैलेट पेपर से चुनाव की मांग करने वाली कांग्रेस त्रिपुरा में भी औंधे मुंह गिरी : राजेश गुप्ता अग्रहरि

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह कार्यालय प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर देश में भ्रम फैलाने वाले विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस को त्रिपुरा व असम के चुनाव परिणामों ने आईना दिखा दिया है। बैलेट पेपर से हुए इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि मतदान के माध्यम से नहीं, बल्कि जनता के भरोसे से चुनाव जीते जाते हैं; कांग्रेस चाहे जिस माध्यम से चुनाव लड़ ले। उसकी किस्मत में हार ही लिखी है।

बैलेट पेपर के चुनाव में भी नहीं बची साख

श्री अग्रहरि ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि हाल ही में त्रिपुरा ग्राम समिति और असम के सिलचर नगर निगम चुनाव पूरी तरह से बैलेट पेपर के जरिए कराए गए थे। इन दोनों ही चुनावों में कांग्रेस बुरी तरह परास्त हुई है। त्रिपुरा ग्राम समिति की 5,000 सीटों में से एनडीए ने 4,320 सीटों पर प्रचंड जीत दर्ज की। जबकि कांग्रेस सिमटकर मात्र 14 सीटों पर रह गई। वहीं, असम के सिलचर नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत मिला और कांग्रेस की स्थिति निर्दलीय प्रत्याशियों से भी नीचे पहुंच गई।

नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष कर रहा नौटंकी

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस भली-भांति जानती है कि देश की जनता अब उसे पूरी तरह नकार चुकी है। अपनी लगातार चुनावी नाकामियों और जनाधार खोने के सच को छिपाने के लिए कांग्रेस और विपक्षी दल ईवीएम पर दोष मढ़ने की नौटंकी करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की लुटिया तो पूरे देश में डूब ही रही है। साथ ही हम तो डूबेंगे सनम, तुमको भी ले डूबेंगे की तर्ज पर उसका साथ देने वाले सपा, राजद, उद्धव गुट और राकांपा जैसे सहयोगी दलों को भी इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

कृष्णा कुमार साहू का निधन

राजनांदगांव (दावा)। कैलाश नगर निवासी एवं नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी 'साहू ट्रक बॉडी' के संचालक कृष्णा कुमार साहू (67 वर्ष) का शुक्रवार 9 अक्टूबर को सुबह 9 बजे नागपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 अक्टूबर शाम 4 बजे उनके कैलाश नगर स्थित निज निवास से निकाली गई। तत्पश्चात लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा। स्व. कृष्णा कुमार साहू अपने पीछे धर्मपत्नी, दो पुत्र, दो पुत्रियां एवं नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समयः- 12:00, 03:00
06:00 व रात 09:00 बजे

दृश्यम 3

अजय देवगन, तब्बू, श्रीया सरन, जयदीप अहलावत, प्रकाश राज, रजत कपूर, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव

टिकट दर बालकनी 150/-
रिजर्व- 100/-

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

शुभांक

बी. के.
2-5-8
490-3 270-9
राजधानी
1-3-0
558-8 590-4

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

भूखंड बेचना है

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड रिहायशी क्षेत्र शांतिनगर गली क्रमांक-3 राजनांदगाव में ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

नोटः- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, छुईखदान
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202609290800016 ब-121
साकिन..... कानीमेरा, वर्ष 2025-26

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक मथीर पिता चैतू जाति सतनामी निवासी कानीमेरा, तहसील छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (छ.ग.) के द्वारा अपनी पिता बिसराम की मृत्यु दिनांक 14.11.2005 को ग्राम कानीमेरा में होने का उल्लेखित करते हुए ग्राम पंचायत कानीमेरा में दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12.10.2026 को या पूर्व स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

पेशी दिनांक 12.10.2026

तहसीलदार
छुईखदान (छ.ग.)

// आम सूचना //

मैं सुशीला बाई गजेन्द्र पति श्री दिनेश कुमार गजेन्द्र, आयु 41 वर्ष, निवासी - ग्राम भण्डारपुर, पोस्ट- भोथली, तहसील- डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.), की निवासी हूँ। मेरे पुत्र- हेमन्त कुमार गजेन्द्र के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में माता के स्थान पर मेरा नाम- देवकुंवर सिन्हा (DEVKUNWAR SINHA) दर्ज है जो कि, त्रुटिपूर्ण है। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम- सुशीला बाई गजेन्द्र (SUSHEELA BAI GAJENDRA), दर्ज है जो कि, सत्य एवं सही है। मैं अपने नाम में एकरूपता लाने हेतु चाहती हूँ कि, मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम - सुशीला बाई गजेन्द्र (SUSHEELA BAI GAJENDRA), दर्ज करते हुए मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे। मैं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ। अतः आज दिनांक 02/10/2026 से मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम- सुशीला बाई गजेन्द्र (SUSHEELA BAI GAJENDRA), की प्रविष्ठी करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।
दिनांक - 02/10/2026

भवदीय
सुशीला बाई गजेन्द्र
(SUSHEELA BAI GAJENDRA)

// आम सूचना //

मैं हेमन्त कुमार गजेन्द्र पिता श्री दिनेश कुमार गजेन्द्र, आयु 21 वर्ष, निवासी- ग्राम भण्डारपुर, पोस्ट- भोथली, तहसील- डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम- हेमन्त कुमार सिन्हा (HEMANT KUMAR SINHA) दर्ज है तथा मेरे कक्षा 8वीं की अंकसूची में मेरा नाम- हेमन्त (HEMANT) दर्ज है, जो कि, दोनों गलत है। मेरा वास्तविक नाम- हेमन्त कुमार गजेन्द्र (HEMANT KUMAR GAJENDRA) है जो कि, मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि, मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित समस्त दस्तावेजों में अब मेरा वास्तविक नाम- हेमन्त कुमार गजेन्द्र (HEMANT KUMAR GAJENDRA) दर्ज करते हुए मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे। मैं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। अतः आज दिनाँक 02/10/2026 से मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम- हेमन्त कुमार गजेन्द्र (HEMANT KUMAR GAJENDRA) की प्रविष्टि करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।
दिनाँक- 02/10/2026

भवदीय
हेमन्त कुमार गजेन्द्र
(HEMANT KUMAR GAJENDRA)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, Preeti Kumari Jain D/O Prakash Chand Jain resident of Singhai Sadan 21, Gali no 1, Lalbag, ward no 20, Rajnandgaon, Chhattisgarh 491441, have changed my old name Preeti Kumari Jain D/O Prakash Chand Jain, so in future I should be recognized by my new name that is Preeti Jain in all Government and other documents.

Preeti Jain
Singhai Sadan 21, Gali no 1, Lalbag, ward no 20, Rajnandgaon, Rajnandgaon, Chhattisgarh 491441

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रीति कुमारी जैन पिता प्रकाश चंद जैन निवासी-सिंघाई सदन 21, गली नंबर 1, लालबाग, वार्ड नंबर 20, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441 यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम प्रीति कुमारी जैन को त्याग कर नया नाम प्रीति जैन रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम प्रीति जैन से ही जाना पहचाना जावे।

प्रीति जैन
सिंघाई सदन 21, गली नंबर 1, लालबाग, वार्ड नंबर 20, राजनांदगांव, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441

विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान : छूटे हुए पात्र नागरिकों व नए युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची को शत-प्रतिशत शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत किसी कारणवश पूर्व में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने की उम्र सीमा में आए युवाओं की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की सघन कार्रवाई की जा रही है। मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे और किसी भी अपात्र का नाम सूची में न रहे।

अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) वर्तमान मतदाता सूची का मिलान प्री-एसआईआर मतदाता सूची से कर रहे हैं। इससे ऐसे नामों की पहचान की जा रही है, जो पहले पंजीकृत थे किंतु वर्तमान सूची से विलोपित हो गए। ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर बीएलओ घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। सत्यापन में पात्र पाए जाने वाले नागरिकों से तत्काल फॉर्म-6 भरवाकर नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए प्रत्येक बीएलओ को प्रति सप्ताह न्यूनतम 20 से 25 मतदाताओं के सत्यापन का लक्ष्य दिया गया है, ताकि एक महीने के भीतर समूचा कार्य पूरा हो सके।

- वर्तमान व प्री-एसआईआर सूची की तुलना कर चिह्नित किए जा रहे नाम; फॉर्म-6 के जरिए होगा पंजीकरण
- प्रति सप्ताह 20 से 25 मतदाताओं के सत्यापन का लक्ष्य, एक माह में पूरी होगी प्रक्रिया

वंचित तबकों व विद्यार्थियों के लिए लगेंगे विशेष शिविर

अभियान को सर्वसमावेशी बनाने के लिए मतदान केंद्रों के अलावा रैन बसेरों, मजदूर कॉलोनियों और बेघर-वंचित बस्तियों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के बीच इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के माध्यम से जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए बीएलओ द्वारा तैयार चिह्नित मतदाताओं की सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) से साझा की जाएगी। अभियान पूर्ण होने पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बूथवार सूची साझा करेंगे, ताकि छूटे हुए मतदाताओं को अवसर मिल सके। ईआरओ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 एवं निर्वाचकों का पंजीकरण नियम, 1960 के तहत इन आवेदनों पर वैधानिक निर्णय लेंगे।

ऑनलाइन सुविधा व हेल्पलाइन 1950 भी उपलब्ध

निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता पंजीकरण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। नागरिक अपने बीएलओ के पास फॉर्म-6 भरकर ऑफलाइन आवेदन के साथ-साथ ईसीआईनेट मोबाइल ऐप और अधिकृत वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। नागरिक ऐप के बुक ए कॉल विद बीएलओ फीचर से सीधे बीएलओ से संपर्क साध सकते हैं। किसी भी प्रकार की पूछताछ अथवा तकनीकी सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। निर्वाचन विभाग ने सभी पात्र नागरिकों व 18 वर्ष पूर्ण कर रहे युवाओं से बढ़-चढ़कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का आह्वान किया है।

हैदराबाद नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट : सीधे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हेतु 11 को सुंदरा में होगा जिला स्तरीय ट्रायल

राजनांदगांव (दावा)। हैदराबाद में 14 से 16 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाली नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिला एथलेटिक्स खेल संघ द्वारा 11 अक्टूबर को सुबह 6:30 बजे से विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम सुंदरा स्थित मिनी स्टेडियम में यह ट्रायल आयोजित किया जाएगा। ट्रायल के माध्यम से अंडर-14 एवं अंडर-16 बालक व बालिका वर्ग की टीमों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी सीधे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 12 नवंबर को हैदराबाद रवाना होंगे।

आयु सीमा और पात्रता के कड़े मापदंड

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रणविजय प्रताप सिंह एवं कोच कामता प्रसाद यादव ने बताया कि स्पर्धा में भाग लेने के लिए आयु सीमा निर्धारित की गई है। अंडर-14 आयु वर्ग में प्रतिभागी बालक-बालिकाओं का जन्म 17 नवंबर 2012 से 16 नवंबर 2014 के मध्य होना अनिवार्य है। इस समूह में केवल 12 से 14 वर्ष के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे।12 वर्ष से कम आयु के प्रतियोगी पात्र नहीं होंगे। अंडर-16 आयु वर्ग में खिलाड़ियों की जन्म तिथि 17 नवंबर 2010 से 16 नवंबर 2012 के मध्य होनी चाहिए।

इन स्पर्धाओं में परखी जाएगी प्रतिभा

14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़, 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद एवं बैक थ्रो। 16 वर्ष बालक-बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़, 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल (बाधा दौड़), ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक (शॉट पुट) एवं भाला फेंक (जैवलिन थ्रो)।

क्वालीफाइंग मानक और अनिवार्य दस्तावेज

संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल ट्रायल में प्रथम आने से चयन सुनिश्चित नहीं होगा। बल्कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित तकनीकी क्वालीफाइंग लाइन (मानक) को पार करना अनिवार्य होगा। ट्रायल में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अपनी आयु एवं पहचान के सत्यापन हेतु जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा एएफआई का यूआईडी दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है।

अलग-अलग स्थानों पर वाद-विवाद व झगड़ा करने वाले दो उपद्रवी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डोंगरगढ़ पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर वाद-विवाद और लड़ाई-झगड़ा कर अशांति फैलाने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों अनावेदकों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की विभिन्न प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देशों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) व थाना प्रभारी सुमन जायसवाल तथा रामेश्वर प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत 9 अक्टूबर को सूचना मिली कि दो अलग-अलग स्थानों पर कुछ युवक सार्वजनिक रूप से विवाद और झगड़ा कर माहौल बिगाड़ रहे हैं। पकड़े गए अनावेदकों में दिनेश मार्कण्डेय (27 वर्ष, निवासी करवारी बड़ेपारा, वार्ड नंबर 08) तथा केवल पटेल (25 वर्ष, निवासी देवकट्टा) शामिल हैं। बताया गया कि आसपास के नागरिकों द्वारा समझाइश दिए जाने के बावजूद दोनों व्यक्ति शांत होने के बजाय अत्यधिक आक्रोशित होकर मारपीट और लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो रहे थे। सार्वजनिक स्थल पर शांति भंग होने तथा किसी अप्रिय घटना के घटित होने की प्रबल आशंका को देखते हुए पुलिस टीम ने दोनों को हिरासत में ले लिया। अनावेदकों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कानूनी कार्रवाई कर अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी पर्वों को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित करने या विवाद करने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

चौथना में सनसनीखेज वारदात : दोहरे हत्याकांड से दहला इलाका

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ क्षेत्र में रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। अज्ञात कारणों के चलते दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। जबकि हमले में गंभीर रूप से घायल बच्चों को नाजुक हालत में रायपुर रेफर किया गया है। दिल दहला देने वाले इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाकर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

वारदात के दौरान हमले का शिकार हुए बच्चों की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया गया, ताकि बिना किसी रुकावट के उन्हें न्यूनतम समय में रायपुर स्थित उच्च चिकित्सा केंद्र पहुंचाया जा सके। वारदात को अंजाम देने वालों का अब तक सुराग नहीं लग सका है। हत्या के पीछे की वजह आपसी रंजिश है या कोई अन्य विवाद, पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए नाकेबंदी कर विशेष टीमों को रवाना कर दिया गया है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

राहुल नगर लखोली में सजेगा हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध मां ज्वाला जी मंदिर का भव्य स्वरूप

0 मां कालिका उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर होगा आकर्षक आयोजन, 11 अक्टूबर को घट स्थापना

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर मां कालिका उत्सव समिति राहुल नगर लखोली द्वारा इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक स्थल सजावट की जा रही है। इस वर्ष आयोजन का मुख्य आकर्षण हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां ज्वाला जी मंदिर का भव्य स्वरूप होगा। इस दिव्य मंदिर की स्थापना विकास नगर लखोली में की जा रही है। जहां श्रद्धालुओं को मां ज्वाला जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। संस्था के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता ने बताया कि मां ज्वाला जी मंदिर देश-विदेश में अपनी विशिष्ट धार्मिक मान्यता और आस्था के लिए प्रसिद्ध है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्रि के अवसर पर आकर्षक स्थल सजावट एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। समिति द्वारा स्थानीय स्तर के कलाकारों द्वारा निर्मित स्थल सजावट को क्षेत्र की जनता का भरपूर स्नेह, सहयोग और सराहना मिलती रही है। इस वर्ष भी मां ज्वाला जी मंदिर की भव्य प्रतिकृति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर को एकम घट स्थापना के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात 14 अक्टूबर को झांकी एवं जगराता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 अक्टूबर को पंचमी श्रृंगार एवं महाआरती, 17 अक्टूबर को सप्तमी महानिशा पूजा तथा 18 अक्टूबर को हवन एवं अष्टमी का धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं 20 अक्टूबर को मां के अश्विनी स्वरूप के विसर्जन के साथ आयोजन का समापन किया जाएगा। समिति के संरक्षक प्रवीण जंगल एवं आनंद गुप्ता तथा सलाहकार सूर्यकांत गुप्ता, अश्विनी श्रीवास एवं अशोक कुमार रजक सहित समिति के सदस्यों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से विकास नगर लखोली पहुंचकर मां ज्वाला जी के दर्शन करने तथा नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनने का आग्रह किया है। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि मां ज्वाला जी के भव्य मंदिर स्वरूप के दर्शन से श्रद्धालुओं में धार्मिक आस्था और भक्ति का संचार होगा तथा यह आयोजन राजनांदगांव में नवरात्रि उत्सव का प्रमुख आकर्षण बनेगा।

डोंगरगढ़ में अवैध शराब पर कार्रवाई करने गई पुलिस का घेराव, महिलाओं से झूमाझटकी

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के कंडरापारा, मोची मोहल्ला क्षेत्र में अवैध शराब पकड़ने पहुंची पुलिस टीम को स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मुखबिर की सूचना पर तस्दीक करने पहुंचे तीन पुलिसकर्मियों को वार्डवासियों ने घेर लिया। इस दौरान महिलाओं और पुलिसकर्मियों के बीच झूमाझटकी तक की नौबत आ गई। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

सूचना पर दबिश देने पहुंचे थे जवान

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को कंडरापारा इलाके में अवैध शराब की बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई शुरू होते ही स्थानीय लोग लामबंद हो गए और पुलिसकर्मियों को चारों तरफ से घेर लिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी शुरू कर दी।

कंडरापारा-मोची मोहल्ले में मुखबिर की सूचना पर पहुंचे थे तीन जवान, विरोध के बाद तनाव की स्थिति

पर्याप्त बल की कमी पर उठ रहे सवाल

संवेदनशील इलाके में अवैध कारोबार पर दबिश देने के दौरान केवल तीन जवानों के पहुंचने को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

घटना के बाद यह चर्चा तेज है कि क्या पुलिस बिना पुख्ता तैयारी और पर्याप्त बल के मौके पर पहुंची थी? वहीं दूसरी ओर, पुलिस कार्रवाई का इस तरह संगठित विरोध करने वालों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। फिलहाल इस पूरे मामले पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के आधिकारिक बयान और जांच रिपोर्ट का इंतजार है। जिसके बाद ही वस्तुस्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

राजनांदगांव तहसील अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी घोषित, पंकज कुमार गुप्ता बने अध्यक्ष

तोपेश कुमार देवांगन बने सचिव

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय तहसील कार्यालय में लगभग साढ़े तीन वर्ष पूर्व गठित तहसील अधिवक्ता संघ के सुचारू संचालन और आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सर्वसम्मति से विधिवत कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

संघ द्वारा विगत वर्षों से अधिवक्ताओं के हित संवर्धन के साथ-साथ अधिवक्ता सम्मेलन, सम्मान समारोह, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण, संगोष्ठी एवं विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। कार्यों के कुशल संपादन तथा जिला अधिवक्ता संघ के दिशा-निर्देशों के प्रभावी पालन हेतु पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

घोषित कार्यकारिणी के प्रमुख दायित्व

संरक्षक जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता व समस्त पदाधिकारीगण, एम.एल. साहू, अंजुम अल्वी, हफीज खान, विवेक शुक्ला एवं श्रीमती शारदा तिवारी। आशीर्वादक जे.एस. गरचा, कामदेव वर्मा, महेन्द्र शर्मा, नारायण स्वर्णकार, डी.सी. जैन एवं ओजस दास। संयोजक अशोक श्रीवास, शिवकुमार साहू एवं सुश्री प्यारी सिन्हा। अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता। उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता पांडे एवं अशोक देवांगन। सचिव तोपेश कुमार देवांगन। सहसचिव अभ्यास यादव। कोषाध्यक्ष राजकुमार चंदेल। मीडिया प्रभारी श्रीमती भूमिका (कुर्रे) हरिहारनो एवं विरेन्द्र उके। सांस्कृतिक प्रभारी सुश्री नीतू टंडन एवं सुनील मिश्रा। प्रमुख सलाहकार राजीव कुरीयाकोस, सुरेश सिंह ठाकुर, मनीष वर्मा एवं अनमोल ठाकुर एवं कार्यकारिणी सदस्य में सतीश मसीह, कीरिट धीवर, आरिफ खान, संतोष साहू, अनिल अंबादे एवं बी.पी. वासनिक आदि है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प व्यक्त किया कि वे जिला अधिवक्ता संघ के साथ समन्वय बनाकर तहसील स्तर पर वकीलों व पक्षकारों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, रचनात्मक पहल, विधिक जागरूकता और सामाजिक-पर्यावरण सरोकारों को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाएंगे।

भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित, कमलेश बैद जिला संयोजक नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव चन्द्राकर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से राजनांदगांव की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित सूची के अनुसार कमलेश बैद को जिला संयोजक, महेश खण्डेलवाल एवं रणदीप मटिया को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दायित्व प्रदान किए गए हैं। आर्थिक प्रकोष्ठ की घोषित कार्यकारिणी में श्रीमती संगीता शुक्ला को कार्यालय प्रभारी, रोशन साहू को कार्यालय सहप्रभारी, हरीश मोटलानी को मीडिया प्रभारी, महेश गुप्ता को मीडिया सहप्रभारी, सुनील कोटड़िया को सोशल मीडिया प्रभारी, श्रीमती अंजनी शर्मा को सोशल मीडिया सहप्रभारी तथा श्रीमती सुधा पवार को मन की बात प्रभारी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राजेश साहू, सौरभ खण्डेलवाल, धर्मेन्द्र सोनी, पवन सोनी, मंजुरानी साहू, विम्मी श्रीवास्तव, ओंकार वर्मा, चेतन अग्रवाल, राजू नाहटा, दीपक गिड़िया, राकेश साहू, शंकर कुमार साहू, राजेश सावा, निलेश हरिहरनो, मुकेश शर्मा, संगीता जिंदल, शोभनारायण साहू, शीतल लोडा, अखराज सोनी, हेमलाल साहू, जसप्रीत सिंह, शिवेंद्र साहू, संजय गायकवाड़, ज्योति खण्डेलवाल, शंभू गुप्ताईत एवं लीलाधर साहू को शामिल किया गया है। भाजपा के जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू ने नवगठित कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि वह आर्थिक विषयों पर व्यापारियों एवं आम नागरिकों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

दिव्यांगजन राज्य छात्रवृत्ति हेतु आवेदन अब 31 अक्टूबर तक

राजनांदगांव (दावा)। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर दिव्यांगजन राज्य छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए 31 अक्टूबर तक की गई है। छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/30/एसईपी/95266181/01 दिनांक 30.09.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निम्न लिखित आइटम की सप्लाई के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है निविदा सूचना संख्या 95266181, आइटम का संक्षिप्त विवरण: आइटम क्र.सं. 1 – पिनियन के साथ ट्रैक्शन मोटर, मात्रा: 09 नग, आइटम क्र.सं. 2– ट्रैक्शन मोटर, मात्रा: 06 नग, अनुमानित निविदा लागत: ₹40393081.59, ईएमडी: ₹ 807870/-

अंतिम तिथि: 26/10/26, अंतिम समय: सुबह 10.30 बजे

नोट: उपरोक्त निविदा एक ई–निविदा है और सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपरोक्त निविदा और अन्य सप्लाई निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट देखें।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/
द.पू.म.रेलवे/नागपुर

PAM/57/151

South East Central Railway @secrail

संस्कार और सामाजिक एकता की मिसाल बना अग्रसेन जयंती महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल सभा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव नगर में सामाजिक एकता और संस्कारों की अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। 4 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले इस त्रि-संगठनीय आयोजन में धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों के जरिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। इसी क्रम में आज शनिवार को भव्य बाइक रैली और अग्रसेन आनंद मेले का आयोजन होगा। वहीं रविवार को मुख्य समारोह और शोभायात्रा के साथ महोत्सव का समापन होगा।

उदयाचल में सजेगा आनंद मेला, कल मुख्य समारोह व भव्य शोभायात्रा

आज निकलेगी बाइक रैली, शाम को आनंद मेला

नवयुवक मंडल अध्यक्ष चैतन्य अग्रवाल, सचिव हर्षित अग्रवाल व कोषाध्यक्ष राहुल लोहिया ने बताया कि शनिवार दोपहर 4 बजे अग्रसेन भवन से युवाओं की विशाल बाइक रैली निकलेगी। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी। वहीं, मेला प्रभारी आदित्य लोहिया के अनुसार शाम 7 बजे उदयाचल परिसर में 'श्री अग्रसेन आनंद मेला' सजेगा। मेले का शुभारंभ श्रीमती आशा जयप्रकाश अग्रवाल एवं आशीष सरावगी के आतिथ्य में होगा, जिसमें बंपर हाउजी, कपल गेम्स और लजीज व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण रहेंगे।

अंताक्षरी में सोनल-प्रिंशी की जोड़ी अव्वल

महोत्सव के तहत आयोजित म्यूजिकल अंताक्षरी में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सूरज अग्रवाल व हर्षित अग्रवाल ने बताया कि 12 जोड़ियों के बीच हुए इस रोचक मुकाबले में सोनल अग्रवाल व प्रिंशी अग्रवाल की जोड़ी ने प्रथम तथा नीलम पोद्दार व अवनी अग्रवाल की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का जीवंत मंच संचालन वर्षा अग्रवाल और लक्ष्मण लोहिया ने किया।

कल प्रतिभाओं व वरिष्ठों का सम्मान, निकलेगी शोभायात्रा

कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि रविवार 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से अग्रसेन भवन में मुख्य समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक मोदी (चेयरमैन, हुंडई ग्रुप, कोरबा), अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष, अग्रवाल सभा दुर्ग) तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुधीर बंसल होंगे। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, वैवाहिक जीवन की स्वर्ण जयंती पूर्ण करने वाले दंपतियों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके उपरांत अग्रसेन भवन से भगवान श्री अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर भ्रमण कर पुनः भवन पहुंचेगी। अग्रवाल सभा के शिव अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, महिला मंडल की कीर्ति अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के भानु अग्रवाल व राहुल अग्रवाल ने सभी स्वजातीय बंधुओं से कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा क्र.: ई/27/एनएजी-2026-2027 कार्य का नाम: (1) ADEN, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत गोंदिया और आमगांव यार्ड के लिए आधुनिक सर्वे तकनीकों का इस्तेमाल करके व्यापक ड्रेनेज अध्ययन तथा डिज़ाइन व ड्रॉइंग जमा करना। (2) ADEN, डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत DGG, RSM, MUA और RJN यार्ड के लिए आधुनिक सर्वेक्षण तकनीकों का उपयोग करके व्यापक ड्रेनेज अध्ययन तथा डिज़ाइन व ड्रॉइंग जमा करना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 42,87,500/-
बयाना राशि: ₹ 85,800/-

2. निविदा क्र.: ई/28/एनएजी-2026-2027 कार्य का नाम: (1) वरिष्ठ ADEN, डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत FOB, IRS PF शेल्टर, पानी की टंकी के ढांचे (स्टेजिंग), छोटे शेड और अन्य स्ट्रक्चरल स्टील की पेंटिंग का काम; साथ ही प्रोफ़ाइल शीट विंड टाई, प्रोटेक्शन स्क्रीन और वैली गटर/रिज की ज़रूरी मरम्मत का काम। (2) ADEN, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत गोंदिया और आमगांव यार्ड के लिए आधुनिक सर्वे तकनीकों का इस्तेमाल करके व्यापक ड्रेनेज अध्ययन तथा डिज़ाइन व ड्रॉइंग जमा करना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 4,10,27,630/-
बयाना राशि: ₹ 8,20,600/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक 27.10.2026 के 15:00 बजे तक जमा कर सकते है।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर

D360S/35-141

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

अनमोल 'दावा'

"कभी-कभी जीवन में सबसे अच्छे परिणाम पाने के लिए सबसे बुरे दौर से गुजरना पड़ता है।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ़ विपक्ष के प्रोटेस्ट की पाकिस्तान, ब्रिटेन और दूसरे देशों में भी चर्चा

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, स्पेशल इंटेसिव रिवीज़न यानी एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप और विपक्ष के प्रोटेस्ट की भारत ही नहीं विदेशी मीडिया में भी चर्चा हो रही है. ब्रिटेन के द गार्डियन, क़तर के अल जज़ीरा, जर्मनी के डॉयचे वेले और पाकिस्तान के डॉन और जियो न्यूज़ जैसे आउटलेट्स ने इस पूरे विवाद को अलग-अलग एंगल से कवर किया है विपक्ष लगातार ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने की मांग कर रहा है.

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और कई विपक्षी नेताओं ने इस मांग को लेकर मंगलवार और बुधवार दिल्ली की सड़कों पर प्रदर्शन किया. इसके अलावा कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) भी हमलावर है और मोदी सरकार और ज्ञानेश कुमार की मिलीभगत का आरोप लगा रही है. ब्रिटेन के द गार्डियन ने इसे वोटर लिस्ट और चुनावी प्रक्रिया के विवाद के तौर पर देखा है.

5 अक्तूबर की अपनी रिपोर्ट में अख़बार ने लिखा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मतदाता सूची से करोड़ों मतदाताओं के नाम हटाने से जुड़े एक विवादास्पद अभियान और व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार और चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग की है. हाल के दिनों में देश भर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं. विपक्षी दलों, छात्र संगठनों और युवा-नेतृत्व वाले कॉकरोच आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया है.

अख़बार लिखता है, आरोप हैं कि मतदाता सूचियों के इस पुनरीक्षण में विशेष रूप से मुसलमानों जैसे अल्पसंख्यक वर्ग को निशाना बनाया जाता है, जो पारंपरिक रूप से मोदी की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के मतदाता नहीं हैं.

हालांकि द गार्डियन ने चुनाव आयोग के उस स्पष्टीकरण को भी जगह दी है जिसमें कहा गया है कि एसआईआर-अपना पता चेंज करके कहीं और शिफ़्ट हुए लोगों और मर चुके लोगों के नाम हटाकर वोटर लिस्ट अपडेट करने की प्रक्रिया है.

क़तर के अल जज़ीरा ने 6 अक्तूबर को राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं की हिरासत को कवरेज दी. उसकी रिपोर्ट के मुताबिक़, प्रदर्शनकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग कर रहे हैं और एसआईआर के दौरान वोटर रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे हैं. साथ ही अल जज़ीरा ने चुनाव आयोग का पक्ष भी रखा कि एसआईआर का मक़सद डुप्लीकेट, मृत या अपात्र मतदाताओं के नाम हटाकर वोटर लिस्ट को दुरुस्त करना है.

अख़बार लिखता है, आलोचकों का कहना है कि इस प्रक्रिया में ऐसे दस्तावेज़ मांगे जाते हैं जो भ्रमित करने वाले और हासिल करने में कठिन होते हैं, जिससे लाखों एलिजबल वोटर्स के बाहर होने का ख़तरा पैदा हो गया है. चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि कुछ क्षेत्रों में 30 प्रतिशत तक वोटर कम हो सकते हैं.

इससे पहले अल जज़ीरा ने 2 अक्तूबर को बाकायदा एक विश्लेषण छापा था- 'कैन इंडियाज़ कॉकरोच मूवमेंट आउस्ट मोदीज़ इलेक्शन चीफ़' (क्या भारत की कॉकरोच मुहिम मोदी के इलेक्शन चीफ़ को हटा पाएगी?)

इसमें राजनीतिक विश्लेषकों के हवाले से कहा गया है कि सरकार ने पिछले प्रदर्शनों से रणनीतिक सबक लिए हैं और इस बार वह प्रदर्शनकारियों को बड़ा जमावड़ा बनाने से पहले ही रोकने की कोशिश कर रही है. साथ ही विश्लेषण में यह भी कहा गया है कि सीजेपी के युवा प्रदर्शनकारी अब पहले से कहीं ज़्यादा अनुभवी हैं.

यहां एक अहम बात है : अल जज़ीरा के विश्लेषण में सरकार के लिए चुनौती को केवल राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्ष से नहीं जोड़ा गया है. युवा आंदोलन और विपक्ष के एक ही मुद्दे पर सड़क पर आने को बड़ा फैक्टर माना गया है.

पाकिस्तान के प्रमुख अख़बार डॉन ने 7 अक्तूबर को राहुल गांधी और विपक्षी सांसदों की हिरासत पर रिपोर्ट प्रकाशित की। रिपोर्ट में प्रदर्शन को मोदी के तीसरे कार्यकाल के बीच नई राजनीतिक चुनौती बताया गया है. इसमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की हिरासत, विपक्ष की ओर से चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोप और बीजेपी का जवाब तीनों शामिल हैं. पाकिस्तान के जियो न्यूज़ ने 5 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट की ओर से सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगे जाने को प्रमुखता दी.

उसकी रिपोर्ट में विपक्ष और कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग और एसआईआर को लेकर लगाए जा रहे आरोपों का ज़िक्र है. साथ ही चुनाव आयोग के आरोपों से इनकार को भी शामिल किया गया है. जियो न्यूज़ के मुताबिक़, ज्ञानेश कुमार पर पीएम नरेंद्र मोदी की हिंदू नेशनलिस्ट पार्टी बीजेपी के इशारों पर काम करने का आरोप है. इसमें इंडियन एक्सप्रेस की उस रिपोर्ट का भी ज़िक्र है जिसमें दावा किया गया है कि दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीने में 14 बार चुनाव आयोग के कई फ़ैसलों से जुड़ी बातों पर असहमति जताई.

अंतरराष्ट्रीय संबंधों, वैश्विक राजनीति और अर्थशास्त्र पर केंद्रित प्रतिष्ठित अमेरिकी समाचार पत्रिका और डिजिटल प्रकाशन फ़ॉरेन पॉलिसी में 1 अक्तूबर को स्टैनफोर्ड के हूवर इंस्टीट्यूशन के सीनियर फेलो सुमित गांगुली का विश्लेषण छपा है. इसका शीर्षक हैः मोदी फ़ेसेस प्रोटेस्ट थ्रेट ओवर इलेक्शन कमीशन स्कैंडल (इलेक्शन कमीशन स्कैंडल के कारण मोदी के सामने विरोध प्रदर्शन की चुनौती) गांगुली का तर्क है कि यह मामला मोदी सरकार के लिए इसलिए अहम हो सकता है क्योंकि चुनाव आयोग को लेकर उठे सवाल अब विपक्ष और सीजेपी जैसे युवा आंदोलन को एक साझा मुद्दा दे रहे हैं. वह इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में बताए गए चुनाव आयुक्तों के कथित मतभेदों को इस विवाद का अहम आधार मानते हैं.

लेकिन उनका विश्लेषण राहुल गांधी के लिए भी पूरी तरह सकारात्मक नहीं है. गांगुली लिखते हैं कि कांग्रेस और राहुल गांधी के पास इस आंदोलन को लगातार चलाने की राजनीतिक और संगठनात्मक क्षमता है या नहीं, इस पर सवाल हैं. उनके मुताबिक़, अगर कांग्रेस, सीजेपी और क्षेत्रीय दल इस मुद्दे पर एक साथ टिके रहते हैं, तभी बीजेपी के सामने 2014 के बाद की सबसे गंभीर चुनौती जैसी स्थिति बन सकती है.

क्या सड़कों पर होने वाले विरोध-प्रदर्शनों का चुनावों में कोई वास्तविक राजनीतिक असर पड़ेगा?

ऐसा लगता है जैसे यह देश के विभिन्न हिस्सों में आंदोलन और अशांति का मौसम है! राष्ट्रीय राजधानी, नई दिल्ली से लेकर वित्तीय राजधानी, मुंबई तक, और बिहार के भीतरी इलाकों से लेकर देश के मध्य भागों, जैसे महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र तक, हर जगह सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अपनी समस्याओं पर सरकार की प्रतिक्रिया से असंतुष्ट और नाखुश, मराठा जैसे कुछ समुदायों के सदस्यों और किसानों और युवा छात्रों जैसी कुछ बिरादरी के विभिन्न उम्र के सदस्यों ने एकजुट होकर शहरों और ग्रामीण इलाकों में विरोध मार्च निकालने का फैसला किया है।

किसी को आश्चर्य होता है कि इतने सारे लोग, विशेषकर युवा, अब सड़कों पर क्यों उतर रहे हैं। यह वह पीढ़ी है जो हाल तक अपना अधिकांश समय नेट सर्फिंग में बिताती थी या सोशल मीडिया पर अतिसक्रिय थी। अब, अचानक, कोई भी युवाओं को किसी न किसी राजनीतिक मुद्दे से संबंधित विरोध प्रदर्शनों में भाग लेता हुआ पाता है। क्या वाकई इन विरोध प्रदर्शनों का असर 2027 के चुनावों पर पड़ेगा, यह देखने की जरूरत है।

राजनीतिक रूप से सक्रिय राज्य महाराष्ट्र एक ऐसा स्थान है जहां पिछले कुछ हफ्तों में ये विरोध प्रदर्शन काफी जीवंत रहे हैं। इस सप्ताह मुंबई में, ठाकरे के चचेरे भाई, उद्धव और राज, सीईसी के कामकाज के संबंध में हालिया विवादों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करने के लिए दक्षिण मुंबई में एक रैली आयोजित करने के लिए निकले। यह एक रंगारंग रैली थी, जिसमें सभी उम्र के लोग हाथों में तख्तियां, पोस्टर और बोर्ड लेकर सड़क पर चल रहे थे, कुछ ने इस अवसर के लिए विशेष रूप से लिखे गए थीम गीत भी गाए, और कुछ ने सीईसी की तस्वीर वाले फेस मास्क पहने हुए थे। इस कार्यक्रम में उत्साह देखा गया और हमेशा की तरह, ठाकरे के चचेरे भाइयों ने दक्षिण मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास आयोजित रैली में जोरदार भाषण दिए।

पुणे में, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) और कांग्रेस पार्टी ने संयुक्त रूप से कई दिनों तक विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें हजारों छात्रों ने महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग या एमपीएससी द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में भाग लिया। जब यह महाराष्ट्र में हो रहा था, नई दिल्ली में, कांग्रेस के नेतृत्व वाला भारत गठबंधन संसद से चुनाव आयोग कार्यालय तक अपने प्रस्तावित मार्च के साथ आगे बढ़ा। पुलिस द्वारा नाटकीय रूप से हिरासत में लिए जाने से पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में मार्च में भारतीय गठबंधन के सैकड़ों विधायकों ने भाग लिया।

ये विरोध प्रदर्शन, जिन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने व्यापक रूप से कवर किया था, सुझाव देते हैं कि भारत में सब कुछ ठीक नहीं है और बड़े पैमाने पर छात्र, किसान और नागरिक सरकार और नौकरशाही के काम करने के तरीके और देश में सार्वजनिक भर्ती परीक्षा या चुनाव आयोजित करने के लिए जिम्मेदार कुछ संस्थानों के काम करने के तरीके से नाखुश हैं।

कुछ पर्यवेक्षकों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का मानना ??है कि इन आंदोलनों का मूल कारण, चाहे वह छात्रों का विरोध प्रदर्शन हो या किसानों का विरोध, मौजूदा आर्थिक संकट के अलावा और कुछ नहीं है जिसका समुदायों को व्यापक रूप से सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती बेरोजगारी और उच्च मुद्रास्फीति ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के नागरिकों पर भारी दबाव डाला है। यह सब नीट पेपर लीक के खिलाफ छात्र नेता अभिजीत डुबके द्वारा दिल्ली में शुरू किए गए आंदोलन से शुरू हुआ, जिसके कारण शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। उस सफलता ने अन्य छात्र संगठनों और यहां तक कि किसानों को भी सड़कों पर उतरने के लिए प्रेरणा प्रदान की।

पिछली बार भारत ने इस प्रकार का निरंतर आंदोलन तब देखा था जब हजारों किसानों ने पंजाब और हरियाणा के अपने गांवों से राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च किया था और कई महीनों तक राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया था। आखिरकार, वे भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा कठोर कृषि कानूनों को रद्द कराने में सफल रहे। संयोग से, यह भी मूलतः एक वित्तीय मुद्दा था जो आर्थिक संकट से उत्पन्न हुआ था। यह किसानों और छात्रों के बीच एक सामान्य कारक था, और रोहित पवार और ठाकरे के चचेरे भाई जैसे विपक्षी नेता इसका फायदा उठाने में तत्पर थे। हालाँकि मुंबई आंदोलन मुख्य रूप से चुनावों के कथित कुप्रबंधन और मतदाता सूचियों में हेरफेर पर केंद्रित था, सड़कों पर गुस्सा और निम्न मध्यम वर्ग के लिए सड़कों पर आने की प्रेरणा स्पष्ट रूप से उस आर्थिक संकट के कारण थी जिसका नागरिक वर्तमान में सामना कर रहे हैं।

लेकिन अधिकांश राजनीतिक पर्यवेक्षकों और कई राजनीतिक नेताओं को इस बात पर संदेह है कि क्या ये आंदोलन वास्तव में उत्तर प्रदेश और पंजाब जैसे बड़े राज्यों में आगामी चुनावों पर कोई महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव डालेंगे। उनका संदेह निम्नलिखित कारकों पर आधारित है :- 1. इन चुनावों की कुंजी विपक्षी एकता है, जो इस स्तर पर थोड़ी अस्पष्ट लगती है। विधानसभा चुनाव होने में सिर्फ छह महीने बचे हैं, लेकिन भारतीय गठबंधन सहयोगियों के बीच सीटों का बंटवारा अभी तक स्पष्ट नहीं है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या वाम दल, जिन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए गठबंधन को तब समर्थन दिया था जब वह सत्ता में था, अब भी कांग्रेस पार्टी का समर्थन कर रहे हैं।

हर हार्ट अटैक ब्लॉकेज की वजह से नहीं होता, डॉक्टरों ने बताया बड़े कारण

अभिनेता नाना पाटेकर के निधन के बाद एक बार फिर से हार्ट अटैक को लेकर चिंता बढ़ गई है. अंतिम समय में उनका इलाज करने वाले मणिपाल अस्पताल के डॉ. शेखर ने बताया कि नाना को कार्डियक अरेस्ट आने से पहले हार्ट अटैक आया था. जो निधन का कारण बना. आमतौर पर ये माना जाता है कि हार्ट अटैक केवल हार्ट की नसों में ब्लॉकेज की वजह से होता है, लेकिन ऐसा नहीं है.

हाल ही में यूरोपियन सोसाइटी ऑफ़ कार्डियोलॉजी ने संशोधित गाइडलाइन जारी की हैं. इसमें हार्ट अटैक के परिभाषा को आसान बनाना के लिए कुछ चीजों बताई गई है. जिसमें सबसे बड़ी बात यह है कि दिल का दौरा पड़ने के पीछे ब्लॉकेज के अलावा कई अन्य गंभीर कारण भी हो सकते हैं. डॉक्टरों का भी कहना है कि हार्ट अटैक केवल ब्लॉकेज की वजह से नहीं होता है.

मेदांता मूलचंद हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर डॉ. तरुण कुमार ने इस बारे में बताया है. वह कहते हैं कि हार्ट अटैक का कारण प्राइमरी मायोकार्डियल इन्फार्क्शन भी होता है. इसमें हार्ट की नसों में थक्का बनने के कारण होने वाले पारंपरिक हार्ट अटैक तो शामिल हैं ही, लेकिन स्पॉन्टेनियस कोरोनरी आर्टरी डिसेक्शन के कारण भी हार्ट अटैक आ जाता है. इसमें दिल की नस या के अंदरूनी हिस्से में अचानक दरार आ जाती है. यह स्थिति विशेष रूप से महिलाओं और गर्भावस्था के आसपास अधिक देखी जाती है. इसकी वजह से नसें अचानक तेजी से सिकुड़ जाती हैं. जिससे खून का बहाव रुक जाता है. जो हार्ट अटैक का कारण बनता है.

सेकेंडरी मायोकार्डियल इन्फार्क्शन

यह हार्ट अटैक दिल की नसों में किसी खराबी या थक्के के कारण नहीं, बल्कि शरीर में किसी अन्य गंभीर बीमारी की वजह से होता है. जब दिल की मांसपेशियों को मिलने वाली ऑक्सीजन की आपूर्ति और उसकी मांग में भारी असंतुलन हो जाता है, तो यह स्थिति बनती है. इसकी वजह से अचानक ब्लड प्रेशर बहुत ज्यादा बढ़ या कम हो जाता है. इससे दिल की धड़कन भी तेज हो जाती है, जिससे हार्ट अटैक का रिस्क होता है.

प्रोसीजर-रिलेटेड मायोकार्डियल इन्फार्क्शन

ये उस हार्ट अटैक को कवर करती है जो किसी कार्डियक प्रोसीजर (जैसे एंजियोप्लास्टी, स्टेंटिंग या कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी) के दौरान या उसके 30 दिनों के भीतर किसी बड़ी परेशानी की वजह से हार्ट अटैक आ जाता है. ये उन मरीजों में ज्यादा देखा जाता है जिनको पहले से हार्ट की गंभीर बीमारी होती है.

सामयिक चर्चा

ट्रम्प की गर्वोक्ति पर...।

खबर पढ़ कर,
अपने आप हँस कर,
बानी बोले- ''गजाधर भाई!
अमेरिकी राष्ट्रपति
डोनाल्ड ट्रम्प ने,
एक बार फिर,
नोबल शान्ति पुरस्कार पर,
अपनी दावेदारी जताई।
उन्होंने कहा, गजाधर!-
''मैने आठ युद्ध रूकवाए,
दुनिया तबाह होने से रोकी।
मुझे नोबेल नहीं दिया गया
तो कमेटी की बदनामी होगी।''
गजाधर! आपका कमेन्ट इस पर?''
गजाधर बोले मुस्कराकर –
''बानी! और अगर डोनाल्ड ट्रम्प को
शान्ति का नोबेल दिया गया,
तो कमेटी की बदनामी होगी।''
(शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026)

गिरीश बख्शी

कविता

// सोच की प्याली //

कल
सोच की प्याली में मैंने
खयालों के ज़ाम भरे,
सोडा मिलाया क्रोध का और;
जैसे ही-
मन के होठों पर रखी प्याली
एक घूँट तक नहीं उतरा।
एक बूरी लत की बू आई
बेमन के ढक्कन बंद हो गए
उल्टियाँ होने लगी कुविचारों की,
गृहस्थी की काया को
असाध्य ध्वंस-रोग की
विभत्स काली छाया के
ढँप लेने के भय ने
निस्संदेह मुझे झकझोर दिया।
तब लगा-
मेरी सोच की सुनहरी प्याली में,
ख्यालों के जल का एक घूँट ही
पर्याप्त है मेरे अंतस को
तृप्त होने के लिए।

टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

शब्द सामर्थ्य -185

बाएं से दाएं
1. खूब कसा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 184 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	य
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	वा	■	शो	ला
गा	र	■	■	■	ही	र	क	■

सू- दोकू क्र. 185

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.184 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

राशिफल



मेष
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आपको नौकरी में तरक्की के साथ-साथ इंक्रीमेंट होने के योग हैं। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर किसी अच्छे डॉक्टर की सलाह के बाद आपको आराम मिलेगा। आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए तत्पर रहेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में सुंदर तालमेल रहेगा और आप आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे।



वृष राशि
आज आपका दिन शुभ रहने वाला है। अध्ययन और अध्यापन से जुड़े लोगों का दिन आज शानदार रहेगा। आपको जल्द ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। अगर आप अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, तो आपको पढ़ाने का मौका मिल सकता है। सिविल सेवा करने वाले जातक आज कुछ नया करेंगे। आपका पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा है।



मिथुन
आज के दिन परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। छात्र आज किसी खेल-कूद प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ेगी। आप आज कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे, जिससे आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

कर्क
आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में सफलता मिलेगी। लेखन और बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ तालमेल बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे। पैसों के लेन-देन में थोड़ा सतर्क रहें।

सिंह
आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको पैतृक जमीन-जायदाद से अच्छा लाभ मिलेगा। आपको सरकारी क्षेत्र में कोई बड़ी सफलता मिलेगी, जिससे परिवार में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आप अपने परिवार वालों को किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर पर ले जाएंगे। लवमेट के लिए बेहतरीन समय है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

कन्या
आज का दिन आपके लिए पॉजिटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे और आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। कार्यस्थल पर समझदारीपूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे।

तुला
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं तो आपके लिए लाभ के योग हैं। जीवनसाथी को कोई बड़ी सफलता मिलने से आज आपको भी खुशी मिलेगी। आपके रिश्ते में परिस्थितियां बेहतर होंगी। आज आप कोई बिजनेस मीटिंग अटेंड करने जा सकते हैं, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भरने का मन बनाएंगे।



वृश्चिक
आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे-संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना है। जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों में नोक-झोंक करने से बचें।

धनु
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होंगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। किसी भी बात के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें।

मकर
आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे और अच्छे कॉलेज में एडमिशन मिलेगा। आज आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे, जिससे आपकी सेहत फिट एंड फाइन रहेगी। वैवाहिक जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी, रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें। आज आप ऑफिस के कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे।

कुंभ
आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर मिलेगा, जिससे आपका फ्यूचर सिक्योर होगा। आज आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके काम करने के तरीकों में बदलाव आएगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।



मीन
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। नौकरी ढूंढ रहे युवाओं को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। प्रॉपर्टी का काम करने वालों के कामकाज बेहतर रहेंगे। मास्टर डिग्री ले रहे हैं तो आपको कैंपस सिलेक्शन में अच्छी नौकरी मिल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। नौकरी कर रहे युवाओं को उच्च अधिकारियों का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

बच्चे से मिली सीख

ज्ञानामृत

सूफी संत हजरत जुनैद बगदादी रात के समय कहीं जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि एक छोटा बच्चा अपने हाथ में एक जलता हुआ दीया लेकर जा रहा है।

हजरत जुनैद बगदादी के मन में उस बच्चे से बात करने और उसकी समझ परखने का विचार आया। वह बच्चे के करीब गए और मुस्कुराते हुए बोले, "बेटा! यह दीया बहुत खूबसूरत जल रहा है। क्या तुम मुझे बता सकते हो कि इस दीये की रोशनी कहां से आई है?"

हजरत जुनैद बगदादी का सवाल अध्यात्म की दृष्टि से गहरा था क्योंकि वह देखना चाहते थे कि समझदार दिखने वाला बच्चा क्या जवाब देता है? बच्चा हाजिर जवाब था। उसने हजरत जुनैद बगदादी की तरफ देखा और बिना किसी झिझक के दीये पर एक हल्की-सी फूंक मार दी। फूंक मारते ही दीया तुरंत बुझ गया।

दीया बुझाने के बाद बच्चे ने बहुत ही अदब से बगदादी से कहा, "हुजूर, अब यह रोशनी आपकी आंखों के सामने ही कहीं गायब हो गई। आप ही मुझे बता दीजिए कि यह कहां चली गई? जहां यह गई है, वहीं से यह आई भी थी।"

बच्चे का उत्तर सुनकर बगदादी दंग रह गए। उन्हें अहसास हुआ कि ज्ञान या समझ किसी उम्र की मोहताज नहीं होती। बच्चे ने खेल-ही-खेल में उन्हें जीवन के बहुत बड़े सच कि सब कुछ उसी एक परम सत्ता से आता है और उसी में विलीन हो जाता है, से परिचित करवा दिया था।

खैरागढ़ में कांग्रेस का 'वोट बचाओं, देश बचाओ' मार्च : ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर मांगा इस्तीफा

विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू और जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने मताधिकार की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता पर दिया जोर

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गुरुवार 8 अक्टूबर को खैरागढ़ में जिला स्तरीय 'वोट बचाओं, देश बचाओं मार्च निकाला गया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू (पर्यवेक्षक नगरीय निकाय चुनाव), पूर्व डोंगरगढ़ विधायक भूवनेश्वर बघेल जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, शहर अध्यक्ष अरूण भारद्वाज, ग्रामीण अध्यक्ष संदीप सिरमौर, छुईखदान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गंडई ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर सहित जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए अंबेडकर चौक पर उनका पुतला दहन किया। कांग्रेस ने मताधिकार की सुरक्षा, निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का मुद्दा उठाते हुए विरोध दर्ज कराया। मार्च की शुरुआत इतवारी बाजार स्थित शीतला मंदिर से हुई, हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर निकले कांग्रेस कार्यकर्ता बक्शी मार्ग, मस्जिद चौक और जय स्तंभ चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' और 'नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए अंबेडकर चौक पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान किया और संविधान का वाचन किया। इसके बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा-लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार की रक्षा जरूरी

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने का अधिकार मिलना चाहिए। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के माध्यम से मताधिकार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जा रहा है।

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा-मतदाता का विश्वास बनाए रखना जरूरी

पूर्व विधायक छन्नी साहू (पर्यवेक्षक नगरीय निकाय चुनाव) ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पर जनता का विश्वास कायम रहना आवश्यक है। मताधिकार से जुड़े सवालों और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से कांग्रेस ने जिला स्तरीय मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया।

जिला अध्यक्ष कोमल साहू बोले-वोट की ताकत से मजबूत होता है लोकतंत्र

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि वोट केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र में आम नागरिक की सबसे महत्वपूर्ण ताकत है। मताधिकार की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस मार्च के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता के अधिकारों और संविधान के मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया है। कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी आवाज उठाती रहेगी।

मार्च में क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू, डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य नीलांबर वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, खैरागढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, खैरागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिरमौर, छुईखदान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गंडई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मन्नू चंदेल और मूढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तेजराम वर्मा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर, ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमकल्याणी तोड़े, किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, ओम प्रकाश झा, जिला महामंत्री सज्जाक खान, जफर हुसैन, विनोद ताम्रकार, संजू चंदेल, कमदेव जंघेल, नेता प्रतिपक्ष, दिपक देवांगन, पूरन सारथी, रविन्द्र सिंह गहरवार, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, यतेन्द्र जीत सिंह 'छोटू', नदीम मेमन,यशेश ठाकुर, रिंकू गुप्ता, मनोहर सेन, शिवानंद यादव, कोमल वर्मा, देवेन्द्र तोड़े, मानव झा, राजा सोलंकी, रूखमणी देवांगन, निगार अंजुम खांन, राजेश्वरी अग्रवाल, गिता यादव, दयालू वर्मा, रतन सिंघी, सुहैल खान 'रानू' सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मार्च के समापन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मताधिकार की सुरक्षा, निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण की मांग दोहराई। राष्ट्रगान, संविधान वाचन और पुतला दहन के जरिए कांग्रेस ने लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराया। मताधिकार की सुरक्षा, निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण की मांग, को लेकर और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले दहन के दौरान पुलिस ने जलते पुतले को पानी डालकर बुझाने का प्रयास कर रही थी इसी बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झुमा झटकी हुई।

विधायक इंद्रशाह मंडावी की पहल से बदली नौनिहालों की पढ़ाई की तस्वीर, नन्हे हाथों से हुआ आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण

मोहला (दावा)। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के बेहतर भविष्य और बुनियादी सुविधाओं को लेकर संवेदनशील पहल का उदाहरण मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कहगांव एवं तेलीटोला में देखने को मिला। यहां क्रमांक 1 एवं 2 के नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण विधायक माननीय इंद्रशाह मंडावी जी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों कराया गया। इस अनूठी पहल ने कार्यक्रम को खास बना दिया और बच्चों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया।

टपकती छत और गिरते स्लैब के भय से अब मिलेगी मुक्ति

नए भवन बनने से पहले आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कई परेशानियों के बीच पढ़ाई करनी पड़ती थी। भवनों की जर्जर हालत ऐसी थी कि छत से पानी टपकता था और स्लैब गिरने का खतरा बना रहता था। भय और असुविधाओं के बीच नौनिहालों को पढ़ना पड़ता था। ऐसे माहौल में बच्चों की सुरक्षा और उनके समुचित विकास को लेकर चिंताएं स्वाभाविक थीं। अब नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों के मिलने से बच्चों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर वातावरण में प्रारंभिक शिक्षा, पोषण एवं देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। यह बदलाव केवल नए भवनों का निर्माण नहीं, बल्कि बच्चों के बचपन को अधिक सुरक्षित और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक इंद्रशाह मंडावी की पहल की सराहना

विधायक इंद्रशाह मंडावी की उपस्थिति में बच्चों के हाथों भवनों का लोकार्पण कराया जाना इस बात का प्रतीक रहा कि आंगनबाड़ी जैसी बुनियादी सुविधाओं का वास्तविक लाभार्थी बच्चा ही है। नन्हे हाथों से फीता काटकर नए भवनों का शुभारंभ कराना कार्यक्रम को भावनात्मक और यादगार बनाने के साथ बच्चों को केंद्र में रखने का संदेश भी देता है। विधायक ने बच्चों के साथ खेल भी खेला एवं अपने बचपन को याद किया। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और देखभाल की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में जर्जर भवनों की जगह नए भवन उपलब्ध होना गांव के परिवारों और बच्चों के लिए राहत की बात है। कहगांव एवं तेलीटोला में यह पहल ग्रामीण विकास के साथ नौनिहालों के सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। लोकार्पण कार्यक्रम में सरपंच निर्मला उसेंडी, जनपद पंचायत मानपुर अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, कचरू आमदे, उपसरपंच मिलाप डोंगरे, ग्राम पटेल समाज लाल उसारे, तुकाराम आर्य, ऋषभ ठाकुर, सत्यपाल सिन्हा, मिलन गोआर्य, खेदुराम उर्वसा, मन्नूराम रावटे, कृष्णा टेमरे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। कहगांव एवं तेलीटोला के नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों से अब बच्चों को बेहतर सुविधाओं के साथ सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। टपकती छत और असुरक्षा के माहौल से निकलकर सुरक्षित भवनों तक पहुंचने का यह बदलाव ग्रामीण परिवारों के लिए राहत और नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

डोंगरगढ़ नपा में शौचालय मरम्मत के नाम पर 6 लाख के बंदरबांट का आरोप, प्रमुख सार्वजनिक शौचालयों पर लटके ताले

0 मां बम्लेश्वरी धाम मार्ग समेत बधिया टोला, बुधवारी बाजार व गोल बाजार के शौचालय बंद, सफाई कर्मियों का मानदेय अटका

0 निजी संचालक वसूल रहे मनमानी फीस, नागरिकों ने कलेक्टर व सीएमओ से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां बम्लेश्वरी धाम में आगामी क्वार नवरात्र मेले की तैयारियों को लेकर शासन-प्रशासन के कड़े निर्देशों के बावजूद नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ की घोर लापरवाही उजागर हुई है। पालिका द्वारा संचालित शहर के लगभग सभी प्रमुख सार्वजनिक शौचालय पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं। आरोप है कि पालिका प्रशासन ने कागजों में मरम्मत और संधारण के नाम पर 6 लाख रुपये से अधिक का खर्च दर्शा दिया, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन शौचालयों पर ताले लटके हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार नगर पालिका प्रतिवर्ष शौचालयों के रख-रखाव, साफ-सफाई और मरम्मत के नाम पर भारी-भरकम राशि का आहरण करती आ रही है। जमीनी स्थिति यह है कि कई शौचालयों का नियमित बिजली बिल तक जमा नहीं किया गया। जिसके चलते विद्युत विभाग ने कनेक्शन काट दिए हैं। इसके अलावा शौचालयों में तैनात सफाई कर्मियों को महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उन्होंने भी काम करना बंद कर दिया है। ठेकेदारों का आरोप है कि बिल पास कराने के एवज में पालिका में कमीशनखोरी का खेल हावी है।

दर्शन मार्ग के प्रमुख शौचालय बंद, निजी संचालक काट रहे चांदी

मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन मार्ग और शहर के घने व्यावसायिक क्षेत्रों में स्थित शौचालय बदहाली का शिकार हैं। इनमें प्रमुख रूप से बधिया टोला, कालका पारा, आई रमा नगर, बुधवारी बाजार, गोल बाजार, सब्जी मार्केट, कंडरा पारा स्कूल के पास और कॉलेज पार्किंग स्थित सार्वजनिक शौचालय पूरी तरह बंद हैं। सार्वजनिक व्यवस्था ठप होने के कारण आम नागरिकों और दर्शनार्थियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। इस बदहाली का सीधा लाभ निजी सुलभ शौचालय संचालक उठा रहे हैं। जो श्रद्धालुओं से शर्तों के आधार पर मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं।

मेले से पहले व्यवस्था सुधारने और जांच की मांग

क्वार नवरात्र मेले के दौरान डोंगरगढ़ में लाखों पदयात्री और दर्शनार्थी पहुंचते हैं। ऐसे में यदि समय रहते इन बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त नहीं किया गया, तो श्रद्धालुओं को खुले में शौच के लिए विवश होना पड़ेगा, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित होगी। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर एवं नगर पालिका सीएमओ से मांग की है कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व तत्काल सभी सार्वजनिक शौचालयों को चालू कराया जाए और मरम्मत के नाम पर आहरित 6 लाख रुपये की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

तेलीबांधा नाम परिवर्तन के विरोध में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू हुए मुखर : बताया ऐतिहासिक व सामाजिक पहचान

डोंगरगढ़ (दावा)। राजधानी रायपुर के प्रमुख व ऐतिहासिक तेलीबांधा चौक का नाम परिवर्तन किए जाने की चर्चाओं के बीच इस प्रस्तावित बदलाव को लेकर विरोध मुखर होने लगा है। नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने इस कदम का कड़ा विरोध करते हुए इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक और सामाजिक अस्मिता से जुड़ा संवेदनशील विषय करार दिया है।

नाम केवल भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि जनभावनाओं और स्मृतियों से जुड़ा विषय : देवेंद्र साहू

पहचान और जनभावनाओं से खिलवाड़ न हो

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने अपने बयान में कहा कि तेलीबांधा केवल एक चौराहे या स्थल का नाम नहीं है, बल्कि यह रायपुर शहर की ऐतिहासिक पहचान और दशकों से जुड़ी स्थानीय जनभावनाओं का अभिन्न हिस्सा है। किसी भी स्थान का नाम बदलने से पहले वहां के नागरिकों, समाज के विभिन्न वर्गों और स्थानीय जनमत की राय को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। जनभावनाओं को दरकिनार कर नाम परिवर्तन का निर्णय लेना अनुचित है।

पुनर्विचार और जनसंवाद की मांग

उन्होंने शासन-प्रशासन और संबंधित जिम्मेदारों से मांग की है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। किसी भी ऐतिहासिक स्थल के नामकरण में बदलाव का फैसला व्यापक विचार-विमर्श और ऐतिहासिक-सामाजिक संदर्भों को ध्यान में रखकर ही लिया जाना चाहिए। देवेंद्र साहू ने स्पष्ट किया कि तेलीबांधा नाम को यथावत रखा जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र का मूल स्वरूप और उससे जुड़ी स्मृतियां सुरक्षित रहें। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि जनभावनाओं की अनदेखी की गई, तो वे इस विषय को लेकर आगे भी अपनी बात पूरी मजबूती से शासन के समक्ष रखेंगे।

अवैध रूप से शराब बेच रहा आरोपी गिरफ्तार, 28 पौवा देशी शराब और नकदी जब्त

डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और नशीले पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते एक कोचिए को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 28 पौवा देशी शराब और बिक्री की रकम बरामद कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की है।

मुखबिर की सूचना पर प्रज्ञागिरी रोड पर दबिश

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) सुमन जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार 9 अक्टूबर को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि प्रज्ञागिरी पहाड़ी मेन रोड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर ग्राहकों की तलाश में घूम रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुमन जायसवाल व रामेश्वर प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही को धर दबोचा।

मशरूका जब्त, भेजा जेल

पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम किशन उइके (33 वर्ष, पिता रूपचंद उइके), निवासी वार्ड नंबर 11, मेला ग्राउंड, महावीर पारा (डोंगरगढ़) बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 28 पौवा शोले मसाला देशी शराब (कुल मात्रा 5.040 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 2,800) तथा शराब बिक्री की नकदी 200 बरामद हुई। पुलिस ने कुल 3,000 मूल्य का मशरूका जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की गैर-जमानती धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

गंडई के विकास को मिलेगी नई रफ्तार : 2.26 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

गंडई-पंडरिया (दावा)। नगर में गुरुवार को 2 करोड़ 26 लाख 62 हजार रुपये की लागत से होने वाले सात विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। सांसद संतोष पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। हालांकि, करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के भूमिपूजन के बीच गंडई-पंडरिया मार्ग और में चौक से टिकरीपारा जाने वाली जर्जर सड़क की समस्या पर कोई स्पष्ट घोषणा सामने नहीं आई। इन मार्गों से आम नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधियों का भी नियमित आवागमन होता है, फिर भी सड़कों की बदहाली दूर करने की दिशा में पहल नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। वार्ड क्रमांक 8 स्थित अंबेडकर पार्क के सामने आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण से हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत कर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

नगर में स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 1 के मुक्तिधाम विकास के लिए 49.41 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 5 के सांस्कृतिक भवन नवीनीकरण के लिए 9.96 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 11 के सार्वजनिक मंगल भवन की मरम्मत के लिए 15.22 लाख रुपये तथा वार्ड क्रमांक 14 में पानी टंकी निर्माण के लिए 42.55 लाख रुपये शामिल हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 15 में मरार समाज भवन के आहाता निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, पाइपलाइन विस्तार के लिए 49.03 लाख रुपये तथा एमआरएफ के नवीनीकरण, मशीनों की स्थापना एवं कम्पोस्ट संयंत्र निर्माण के लिए 55.45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन कार्यों की कुल लागत 2 करोड़ 26 लाख 62 हजार रुपये है।

पीएम आवास के 2600 मकान बनने की जानकारी

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि वे पहले परीक्षा देने के लिए गंडई आया करते थे। यहां बांस का व्यापार होता था और नगर का व्यापारिक इतिहास पुराना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गंडई में 2 हजार 600 आवास बन चुके हैं। उन्होंने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि विकास की मांग लगातार आती रहेगी और सांस्कृतिक भवन का निर्माण भी जरूरी है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि विकास कार्यों में स्थल चयन महत्वपूर्ण होता है। गंडई में सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन की आवश्यकता है, जिससे गरीब परिवारों को कम दर पर सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित करने की सुविधा मिल सके। उन्होंने सड़कों, सब्जी मार्केट, बस स्टैंड और उद्यान के विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने गंडई में नवोदय विद्यालय खोलने की जानकारी दी। सांसद संतोष पाण्डेय ने सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की बात कही।

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि गंडई के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सभी पार्षद विकास कार्यों के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने सांसद से सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण की मांग की।

जर्जर सड़कों की अनदेखी पर सवाल

नगर में पानी टंकी, पाईप लाईन और स्वच्छता प्रबंधन जैसे कार्यों का भूमिपूजन महत्वपूर्ण है, लेकिन गंडई-पंडरिया मार्ग और में चौक से टिकरीपारा सड़क की बदहाली भी गंभीर मुद्दा है। इन मार्गों से अधिकतर जनप्रतिनिधियों का आवागमन होने के बावजूद इनके सुधार की घोषणा नहीं होना चर्चा का विषय है। नगरवासियों की अपेक्षा है कि संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि इन सड़कों की स्थिति का संज्ञान लेकर मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस पहल करें। विकास कार्यों का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब नई परियोजनाओं के साथ पुरानी बुनियादी समस्याओं का भी समाधान होगा। कार्यक्रम में टेकन देवांगन, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, धरमु पटेल, एल्डरमैन अशोक देवांगन, तामेश्वर साहू, श्यामपाल ताम्रकार, अशोक पटेल, राकेश निषाद, एल्डरमैन राकेश जायसवाल, सावंत देवांगन, यतीश कुंजम, प्रकाश पटेल, राजू जायसवाल, दिनेश भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, संजय राजपूत, सीएमओ अविनाश देवांगन, अभियंता विजय कपूर, किंशुक यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रयासों से पवनतरा में 30 लाख रुपये के महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति

खैरागढ़ (दावा)। महतारी सदन योजना वर्ष 2026-27 के तहत खैरागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत पवनतरा में 30 लाख रुपये की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रयासों और अनुशंसा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र में निर्माण की अनुशंसा की गई है। निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत पवनतरा को सौंपी गई है। महतारी सदन के निर्माण से क्षेत्र की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों और सामुदायिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होने की उम्मीद है। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा की पहल से स्वीकृति प्रक्रिया आगे बढ़ने को क्षेत्र के विकास और महिला सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्वीकृति प्रदान करने पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजेय शर्मा के प्रति आभार प्रकट की।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

0 वर्ष 2021 से कर रहा था शारीरिक शोषण, खैरागढ़ पुलिस की कार्रवाई

खैरागढ़ (दावा)। विवाह का प्रलोभन देकर युवती से लगातार दुष्कर्म करने के मामले में खैरागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना खैरागढ़ में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी मोहित नेताम (26 वर्ष) निवासी खैरागढ़ ने शादी का झांसा देकर वर्ष 2021 से लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। लंबे समय तक शोषण करने के बाद जब आरोपी अपने वादे से मुकरने लगा। तब पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर खैरागढ़ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(एम) एवं धारा 69 तथा अपराध क्रमांक 363/2026 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। मामले में अपराध के पुख्ता साक्ष्य पाए जाने पर पुलिस ने शुक्रवार 9 अक्टूबर को आरोपी मोहित नेताम को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को 69 रन से हराया भारतीय टीम को मिली करारी शिकस्त

नई दिल्ली। स्टार खिलाड़ियों के होते हुए इंडिया-ए टीम लगातार दूसरा मैच हार गई है. ऑस्ट्रेलिया-ए ने दूसरे अनऑफिशियल वनडे में 69 रनों से जीत दर्ज की. 276 का पीछा करते हुए भारतीय टीम 206 पर सिमट गई. पुदुचेरी में खेले गए दूसरे अनऑफिशियल वनडे में ऑस्ट्रेलिया-ए ने इंडिया-ए को 69 रनों से हराया. स्टार बल्लेबाजों से सजी भारतीय टीम लगातार दूसरे मैच में रन चेज करते हुए हार गई.

आज हुए मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 275 रन बनाए थे, जवाब में भारतीय टीम 206 रनों पर सिमट गई. इंडिया-ए के लिए आज भी सिर्फ रजत पाटीदार चले, जिन्होंने 67 रनों की अच्छी पारी खेली. उन्होंने पिछले मैच में भी अर्धशतक जड़ा था, लेकिन उसमें भी टीम इंडिया हार गई थी. 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत ही अच्छी नहीं हुई थी. देवदत्त पडिक्कल 1 रन बनाकर आउट हो गए थे. उन्हें स्पेंसर जॉनसन ने आउट किया। इसके बाद आए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने भी निराश किया, वह 12 रन बनाकर चलते बने. 9वें ओवर में साई सुदर्शन की पारी भी समाप्त हो गई, वह भी फ्लॉप ही रहे. उन्होंने 29 गेंदें खेलकर 13 रन बनाए, जिसमें एक चौका शामिल था. चौथे नंबर पर आए रजत पाटीदार ने अच्छी पारी खेली, उन्होंने 82 गेंदों में 1 छक्के और 3 चौकों की मदद से 67 रन बनाए. हालांकि उनका अकेले का संघर्ष काफी नहीं था, क्योंकि दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिर रहे थे. कुमार कुशाग्र ने 17, निशांत सिंधु ने 13, सूर्यांश शेडगे ने 10 रन बनाए. शिवम फरवरी 2025 से एबीपी की स्पोर्ट्स टीम के साथ जुड़े हैं. इससे पहले शिवम ने 3 साल इनसाइडस्पोर्ट में बतौर सीनियर सब एडिटर के तौर पर काम किया है.

भारत के 249 रन पर भारी पड़े होप-रदरफोर्ड : वेस्टइंडीज के नाम टी20 का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज

रांची। संजू सैमसन की 82 रन की विस्फोटक पारी और श्रेयस अय्यर-तिलक वर्मा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर भारत ने 249 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, लेकिन इसके बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। शाई होप और शेरफेन रदरफोर्ड की तूफानी पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को छह विकेट से हरा दिया। रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने 250 रन का लक्ष्य 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 249 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज ने 252 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान

शाई होप 45 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाकर लौटे, जबकि रदरफोर्ड ने 37 गेंदों में 84 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर भारत की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

सैमसन ने 21 गेंदों में जड़ा अर्धशतक

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। लगातार चार पारियों में कम स्कोर बनाने के बाद सैमसन ने शानदार वापसी करते हुए 41 गेंदों में 82 रन बनाए। उनकी पारी में नौ चौके और चार छक्के शामिल रहे। उन्होंने महज 21 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज के रिकॉर्ड की विराट कोहली के साथ बराबरी की। सैमसन को ईशान किशन का बेहतरीन साथ मिला। इशान ने 22 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 43 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 97 रन जोड़े। भारतीय टीम ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बना लिए थे, जबकि 11 ओवर के बाद स्कोर 139 रन पहुंच गया था। हालांकि, मध्य ओवरों में रोस्टन चेज ने लगातार दो ओवरों में ईशान किशन और शिवम दुबे को आउट कर भारत की रफ्तार पर लगाम लगाई।

ऊंची ब्याज दर पर कर्ज और पायल हड़पने का आरोप : मोहला में अवैध साहूकारी की एक और शिकायत, एसडीएम दफ्तर पहुंची पीड़िता

मोहला (दावा)। आदिवासी बाहुल्य मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अवैध निजी साहूकारी और बेतहाशा ब्याज वसूली का एक और गंभीर मामला सामने आया है। मोहला की एक महिला ने अपनी बेटी की लगभग 32 तोला चांदी की पायल गिरवी रखकर 15 हजार रुपये का कर्ज लिया था। पीड़िता का आरोप है कि मूलधन से अधिक ब्याज चुकाने के बाद भी उसकी गिरवी रखी पायल वापस नहीं की जा रही है। पीड़िता ने इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय मोहला में लिखित शिकायत सौंपकर न्याय और कार्रवाई की गुहार लगाई है।

40 फीसदी मासिक ब्याज और अतिरिक्त फीस का खेल

शिकायतकर्ता आसिन बाई मंडावी के अनुसार उनकी बेटी ने करीब एक साल पहले पारिवारिक जरूरत के चलते मोहला निवासी कल्पना गुप्ता से 15 हजार रुपये उधार लिए थे। इसके एवज में करीब 22 तोला और 10 तोला वजनी चांदी की दो जोड़ी पायलें गिरवी रखी गई थीं। आरोप है कि 15 हजार रुपये के

15 हजार के कर्ज पर 1500 रुपये ब्याज की वसूली, 40 फीसदी मासिक दर का आरोप

इस कर्ज पर प्रति सप्ताह 1500 रुपये ब्याज (लगभग 40 प्रतिशत मासिक दर) के अलावा 200 रुपये अतिरिक्त फीस ली जाती थी। कुछ हफ्तों तक ब्याज नहीं दे पाने के बाद जब गिरवी रखी संपत्ति वापस मांगी गई, तो कथित तौर पर एकमुश्त 24 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी गई।

16,200 रुपये देने के बाद भी संपत्ति लौटाने से इनकार

पीड़िता का कहना है कि वह अब तक कुल 16,200 रुपये दे चुकी है। इसके बावजूद 65 से 66 हजार रुपये मूल्य की चांदी की दोनों पायलें नहीं लौटाई जा रही हैं। आरोप है कि जब पीड़िता 24 हजार रुपये देकर अपनी पायलें छुड़ाने के लिए तैयार हुई और संपर्क करने का प्रयास किया, तो कोई जवाब नहीं दिया गया। उल्लेखनीय है कि सितंबर माह में भी मोहला क्षेत्र में निजी साहूकारी और अत्यधिक ब्याज वसूली को लेकर ऐसी ही शिकायतें सामने आई थीं, जिनमें प्रशासन ने जांच का आश्वासन दिया था।

पेसा और 5वीं अनुसूची क्षेत्र में अवैध साहूकारी पर कड़े नियम

मोहला-मानपुर क्षेत्र संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के दायरे में आता है। इन क्षेत्रों में सीधे तौर पर आदिवासियों को साहूकारों के शोषण से बचाने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान हैं और निजी स्तर पर बिना वैध प्रक्रिया के कर्ज देना पूर्णतः प्रतिबंधित है। पंचायत स्तर से भी इस तरह की निजी साहूकारी का कोई लाइसेंस जारी नहीं होता। चर्चा यह भी है कि क्षेत्र में कुछ सरकारी कर्मचारी भी कथित तौर पर ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज बांटने के इस अवैध धंधे में संलिप्त हैं। फिलहाल नया मामला एसडीएम कार्यालय पहुंचने के बाद यह देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है और पीड़िता को उसकी गिरवी रखी संपत्ति कब तक वापस मिल पाती है।

एनआरएलएम के संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत जिला पंचायत राजनांदगांव में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया 7 एवं 8 अक्टूबर को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में कुल 86 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें 7 अक्टूबर को 67 तथा 8 अक्टूबर को 19 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7 अक्टूबर को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। इसके पश्चात लेखापाल, लेखा सह एमआईएस सहायक एवं क्षेत्रीय

समन्वयक पदों के लिए लिखित परीक्षा तथा कार्यालय सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर पद के लिए कौशल परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नपत्रों को सीलबंद अवस्था में जिला कोषालय में सुरक्षित रखा गया था। परीक्षा दिवस पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाए गए। इसी क्रम में 8 अक्टूबर को जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव में विकासखंड परियोजना प्रबंधक पद के लिए साक्षात्कार तथा भृत्य पद के लिए दस्तावेज परीक्षण किया गया। भर्ती के सभी चरणों में पदवार एवं प्रवर्गवार निर्धारित 1 अनुपात 10 की सूची के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों को ही शामिल किया गया। पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए 7 एवं 8 अक्टूबर को आयोजित भर्ती प्रक्रिया के परिणाम संबंधित दिवस पर ही जिला राजनांदगांव की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए थे।

सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बोले पीएम मोदी- "देश सेवा के लिए मिले और अधिक ऊर्जा

मोहला (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को मोहला के दशहरा मैदान में आयोजित विशाल 'सेवा संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति यात्रा' का भव्य व उत्साहपूर्ण समापन हुआ। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, 'परमात्मा मुझे इतनी शक्ति दे कि मैं देश के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ निरंतर सेवा कर सकूं।' प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया कि 7 अक्टूबर 2001 से 7 अक्टूबर तक सार्वजनिक जीवन में उनकी सेवा के 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इन 25 वर्षों में देशवासियों का अटूट विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। उन्होंने देशवासियों से 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को पूरा करने और

मोहला में सेवा संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति कलश यात्रा का उत्साहपूर्ण समापन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा सहित दिग्गज नेता हुए शामिल; 'विकसित भारत-2047' का दोहराया संकल्प

आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का आह्वान किया। तप, साधना और संकल्प ही राष्ट्र सेवा का आधार:नितिन नवीनकार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि तप, साधना और दृढ़ संकल्प को जीवन का ध्येय बनाकर ही राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के बेदाग व समर्पित सार्वजनिक सेवा काल की सराहना करते हुए बताया कि कैसे बीते वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। दशहरा मैदान से बापू प्रतिमा तक निकली सेवा ज्योति कलश यात्रा इस अवसर पर नगर में भव्य 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' निकाली गई। यह यात्रा मोहला के दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर दुर्गा चौक, जय स्तंभ चौक और फव्वारा चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय परिसर पहुंची। जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम स्थल पर इसका समापन हुआ। वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता रहे उपस्थित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी देवलाल ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे।

सुभाष वार्ड में 'आंगन मिलन सेवा संकल्प' कार्यक्रम संपन्न उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यकर्ता व सहायिकाएं सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। शहर के सुभाष वार्ड क्रमांक 26 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा संकल्प' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एल्डरमैन श्रीमती मंजू यादव एवं पार्षद झामित सेन उपस्थित रहीं।

'हर घर मुनगा अभियान' का हुआ प्रचार-प्रसार एल्डरमैन मंजू यादव व झामित सेन रहीं मुख्य अतिथि

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं नोनी सुरक्षा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही पोषण, स्वास्थ्य, व्यवहार परिवर्तन और बच्चों की बेहतर देखभाल को लेकर उपस्थित हितग्राहियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर 'हर घर मुनगा अभियान' का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। मुख्य अतिथि एल्डरमैन श्रीमती मंजू यादव ने हितग्राहियों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और आंगनबाड़ी केंद्रों से नियमित जुड़े रहने की अपील की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों द्वारा सेवा भाव से किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मिला सम्मान

क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं–वंदना सोनपिपरे, रीना ठाकुर, मंजूषा रामटेके व ऊषा खोपरागड़े तथा सहायिकाओं–छाया, कुमुदिनी, अंजू तिवारी व हेमिन साहू को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सीजेपी का आज दिल्ली में प्रदर्शन....

0 सीजेपी के प्रदर्शन को पुलिस ने मंजूरी क्यों नहीं दी? : जॉइंट सीपी नूपुर प्रसाद ने बताया कि कॉकरोच जनता पार्टी के को-कन्वीनर सौरव दास की ओर से 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के संबंध में आवेदन मिला था। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त की जवाबदेही को लेकर प्रस्तावित था। पुलिस के अनुसार, आवेदन बहुत कम समय पहले दिया गया। तय दिशा-निर्देशों के मुताबिक, प्रदर्शन की तारीख से कम से कम 10 दिन पहले सूचना देना जरूरी है। नूपुर प्रसाद ने यह भी कहा कि पहले सीजेपी को प्रदर्शन की अनुमति दिए जाने के दौरान कानूनी निर्देशों और पार्टी की ओर से किए गए वादों का पालन नहीं किया गया था। पुलिस ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति, जन सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस बार अनुमति नहीं देने का फैसला किया है।

0 दिल्ली में BNSS की धारा 163 लागू: जॉइंट सीपी नूपुर प्रसाद ने बताया कि नई दिल्ली इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 लागू है। इसके तहत सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए एहतियाती प्रतिबंध लगाए गए हैं। नक्शे देखें उन्होंने चेतावनी दी कि धारा 163 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त....

कोर्ट ने सड़कों पर लगाए गए प्रतिबंधों की भी समीक्षा करने और यह आकलन करने का निर्देश दिया कि किन इलाकों में पाबंदियां जरूरी हैं और कहां इनमें ढील दी जा सकती है। यह सुनवाई सीपीएम महासचिव एमए बेबी की ओर से दाखिल याचिका पर हुई। याचिका में मेट्रो स्टेशन बंद करने और ट्रेनों को रद्द किए जाने के खिलाफ राहत मांगी गई है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर सार्वजनिक परिवहन को बाधित करने से आम लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

0 सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में मेट्रो पाबंदियों पर क्या कहा?: सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियामक उपाय लागू करने का अधिकार है, लेकिन इन उपायों से आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह बाधित नहीं होनी चाहिए। अदालत ने खास तौर पर उन यात्रियों की परेशानी का जिक्र किया, जो गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा, पूर्वी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली से कामकाज के लिए आते-जाते हैं। कोर्ट ने कहा कि हर व्यक्ति के पास निजी कार या वाहन नहीं होता और बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में मेट्रो स्टेशनों को पूरी तरह बंद करना और लोगों को परिवहन के विकल्पों से वंचित करना व्यावहारिक नहीं है।

0 कपिल सिब्बल ने उठाया शांतिपूर्ण प्रदर्शन का मुद्दा: याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अदालत में कहा कि ट्रेनों को रद्द किए जाने और मेट्रो स्टेशनों को बंद किए जाने से लोगों के लिए एक जगह से दूसरी जगह जाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के कारण आम नागरिकों की आवाजाही पर इतने व्यापक प्रतिबंध क्यों लगाए जा रहे हैं।

0 सरकार ने उचित कदम उठाने का दिया भरोसा: सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि वह सरकार से परामर्श करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेलवे और मेट्रो स्टेशनों से जुड़े प्रतिबंधों के संबंध में उचित कदम उठाए जाएंगे। कोर्ट ने अधिकारियों से सुरक्षा जरूरतों और जनसुविधा के बीच संतुलन बनाने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों को बंद करने के फैसले पर भी दोबारा विचार करने की जरूरत बताई। अदालत ने निर्देश दिया कि यह आकलन किया जाए कि किन क्षेत्रों में प्रतिबंध आवश्यक हैं और किन इलाकों में लोगों की आवाजाही को सामान्य रखा जा सकता है।

राहुल गांधी समेत 10 विपक्षी नेताओं की....

राष्ट्रपति से मिलने के लिए राष्ट्रपति भवन जा रहे

प्रथम पृष्ठ का शेष....

हैं. वहीं, अन्य विपक्षी नेता और सांसद विजय चौक पर धरने पर बैठ गए हैं. दिल्ली में संसद के सेंट्रल हॉल में जुटे इंडिया ब्लॉक के सांसदों को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 14 अगस्त 1947 के ऐतिहासिक भाषण का जिक्र किया. राहुल गांधी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने एक बहुत मशहूर भाषण दिया था. यह भाषण 14 अगस्त 1947 को संसद के सेंट्रल हॉल में दिया गया था. मैं इसमें से कुछ हिस्सा बताना चाहता हूं. उन्होंने कहा, यह भारत, पूरे एशिया और दुनिया के लिए एक अहम पल है. पूरब में आज़ादी का एक नया सितारा उदय हो रहा है, एक नई उम्मीद जगी है, और एक लंबे समय से संजोया गया सपना सच हो रहा है. यह सितारा कभी अस्त न हो और वह उम्मीद कभी टूटे नहीं....।

मीर जाफर की याद आ रही है...

हम इस मंच से राहुल गांधी को साफ शब्दों में बताना चाहते हैं कि भारत का लोकतंत्र बेहद मजबूत है और देश की नीतियां भी मजबूत हैं. किसे सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिलेगा और किसे मार्केट एक्सेस मिलेगा, इसका फैसला भारत सरकार देश और देशवासियों के हितों को ध्यान में रखकर करती है. कोई भी व्यक्ति यदि विदेशी धनकुबेरों का कठपुतली बनकर भारत की नीतियों को प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो देश की जनता उसके मंसूबों को भलीभांति समझती है. जनता यह भी देख रही है कि ऐसे लोगों के वास्तविक हित और मंशा क्या हैं, जिन्हें अब तक छिपाने की कोशिश की गई है. एलन मस्क ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, स्टारलिंक को 165 से अधिक देशों में लाइसेंस मिल चुका है और कंपनी ने भारत सरकार के हर कानून और हर नियामकीय आवश्यकता का पालन करते हुए पांच वर्ष बिताए हैं, फिर भी अब तक लाइसेंस क्यों नहीं मिला? मस्क के इसी पोस्ट पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रिएक्शन दिया था.

भारतीय मूल की नवी पिल्लै को शांति....

में उस मामले की न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ी हैं, जिसमें म्यांमार पर नरसंहार के आरोप लगाए गए हैं। नवी पिल्लै ने रवांडा के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण में न्यायाधीश के रूप में काम करते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस न्यायाधिकरण ने ऐतिहासिक फैसलों के जरिए स्थापित किया कि बलात्कार और यौन हिंसा को मानवता के खिलाफ अपराध के साथ-साथ नरसंहार के रूप में भी देखा जा सकता है। नोबेल कमेटी के अनुसार, इस कानूनी मिसाल को स्थापित करने में पिल्लै का प्रभाव महत्वपूर्ण रहा। इसी मामले में पहली बार किसी आरोपी के खिलाफ केवल प्रचार के माध्यम से नरसंहार के लिए उकसाने के आरोप भी लगाए गए। यह अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून के विकास में एक अहम पड़ाव था।

दिल्ली पुलिस का भावुक पत्र: लिखा....

तूफान के लिए तैयार रहें। संयम का अभ्यास करें। शांति की रक्षा करें, क्योंकि पुलिस की असली ताकत केवल भीड़ को नियंत्रित करने में नहीं है, बल्कि अनुशासन, गरिमा और न्यूनतम बल के साथ ऐसा करने में है। उधर, नई दिल्ली इलाके में चल रहे प्रदर्शन को देखते हुए गृह मंत्रालय ने 8 से 12 अक्तूबर के बीच तैनाती के लिए दिल्ली पुलिस को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लगभग 23,000 जवान उपलब्ध कराए हैं।

नाना पाटेकर के निधन मामले में केस दर्ज....

हमेशा अमर रहते हैं। उन्होंने बताया कि मराठवाड़ा में नाम फाउंडेशन के जरिए चल रहे सामाजिक काम बंद नहीं होंगे। यह काम सीईओ गणेश थोरात की देखरेख में तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। गुरुवार रात पुणे के डोंजे गांव स्थित फार्महाउस पर नाना पाटेकर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस बल ने उन्हें 3-गन सैल्यूट दिया। इस दौरान अभिनेता जैकी श्रॉफ, निर्देशक अनिल शर्मा, अनीस बज्मी और निर्माता फिरोज नाडियाडवाला समेत कई फिल्मी हस्तियां और राजनेता शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने और श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

नंदीग्राम में भाजपा कैंडिडेट ने सीएम शुभेंदु का....

को मिली जीत के बाद बीजेपी की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान स्मृति ईरानी ने कहा कि बीजेपी उम्मीदवारों की जीत से हम सभी खुशी हैं। उन्होंने बीजेपी और एनडीए के उम्मीदवारों की जीत पर बधाई भी दी। स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भीड़तंत्र को लोकतंत्र ने जवाब दिया है।

प्रदेश में 18 आईपीएस अफसरों....

15वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, बीजापुर का सेनानी नियुक्त किया गया है। जगदलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक रहे सुमीतकुमार दत्ताहारी को एएसपी (ऑप्स), कांकेर बनाया गया है। रायपुर में सहायक पुलिस आयुक्त रहे ईशु अग्रवाल को एएसपी (ऑप्स), नारायणपुर की जिम्मेदारी दी गई है। रायगढ़ के नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा को एएसपी(ऑप्स), सुकमा और राजनांदगांव की सीएसपी वैशाली जैन को एएसपी (ऑप्स), जगदलपुर पदस्थ किया गया है। कोरबा में नगर पुलिस अधीक्षक रहे विमल कुमार पाठक को एएसपी (ऑप्स), नारायणपुर भेजा गया है। दुर्ग के सीएसपी हर्षित मेहर को एएसपी (ऑप्स), कोंडागांव और अंबिकापुर के सीएसपी राहुल बंसल को एएसपी (ऑप्स), बीजापुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन को नगर पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर बनाया गया है। वहीं, प्रशिक्षु अधिकारी साकोर मानसी नानाभाउ को सहायक पुलिस आयुक्त, आजाद चौक, रायपुर नगरीय की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी आदित्य कुमार को नगर पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव और प्रतीक बंसोडे को नगर पुलिस अधीक्षक, अंबिकापुर नियुक्त किया गया है।

भारतीय पायलट स्मित मछार को इजरायल का सलाम, मिलेगा सर्वोच्च वीरता सम्मान; राष्ट्रपति ने किया ऐलान

नई दिल्ली। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में हुई एक खतरनाक घटना के दौरान भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए विमान और उसमें सवार यात्रियों की रक्षा की थी। उनकी इस बहादुरी ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है, जिसके बाद अब इजरायल सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्ज़ोग ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार को देश के सर्वोच्च नागरिक वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह विशेष पुरस्कार 7 अक्टूबर 2023 के बाद शुरू किया गया था, जो ऐसे असाधारण नागरिकों को दिया जाता है जो दूसरों की जान बचाने के लिए अत्यधिक साहस और सर्वोच्च बलिदान की भावना दिखाते हैं। घटना के दौरान जब विमान में गंभीर संकट पैदा हुआ और जानलेवा हालात बने, तब कैप्टन स्मित मछार ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अद्भुत धैर्य और व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर विमान को सुरक्षित रूप से आपातकालीन लैंडिंग की ओर बढ़ाया, जिससे एक भीषण त्रासदी टल गई।

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ भगवान भरोसे, रिक्त पदों की पूर्ति नहीं होने से जनपद व पंचायत का कार्य प्रभावित

डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में सत्ता सरकार के वरिष्ठ नेताओं का राजनीतिक हस्तक्षेप लगातार जारी है। वरिष्ठ अधिकारियों को डोंगरगढ़ पदस्थ करने के स्थान पर, व्यक्तिगत लाभ के लिए जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों का लगातार स्थानांतरण किया जा रहा है। एसडीओ, इंजीनियर व अनेक करारोपण अधिकारी, एडीओ, डीईओ, सचिवों तथा कार्यालय संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लिपिको के बिना 100 पंचायत का संचलन अनुभवहीन महिला सीईओ द्वारा संचालन किया जाना संभव नहीं दिखाई पड़ रहा है।

स्थानीय नेता अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का स्थानांतरण करने व कराने में मशगूल

सत्ता सरकार के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारी की कमी होने से जनपद में अनेक विचित्र प्रकरण सामने आ रहे हैं। यांत्रिक विभाग के एसडीओ व अनेक इंजीनियर का स्थानांतरण के बाद वरिष्ठ करा रोपण अधिकारी छत्रपाल ठाकुर का स्थानांतरण मानपुर कर दिया गया। आमजनों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने की दिशा में सोच रखने वाले शुभचिंतकों का मानना है कि अधिकारियों का स्थानांतरण आपका (राजनीतिक नेताओं का) अधिकार है किंतु आपका दायित्व भी है कि पहले वरिष्ठ अधिकारियों की पूर्ति की जाए। उसके बाद अपने निजी कार्यों को निपटाए। ऐसे कृत्य करने से आपका भला तो हो सकता है, किंतु डोंगरगढ़ में निवास करने वालों का कभी भला नहीं हो सकता।आम जनों को रिक्त स्थान की पूर्ति करवाने वाले नेता की तलाश है।

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ भगवान भरोसे

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के लिए इंजिनियर के स्वीकृत पद 07 है। लगातार स्थानांतरण होने से इंजीनियरो की संख्या घटकर मात्र दो रह गई हैं। जनपद में 100 पंचायत के लिए मात्र 2 उप अभियंता बचे है। जनपद में एडीओ 10 होने चाहिए, मात्र 03 पदस्थ है। दो पद डीईओ के स्वीकृत है। किंतु सभी का ट्रांसफर हो चुका है।करारोपण अधिकारी छः पंचायत के लिए एक होना चाहिए। 15 के स्थान पर मात्र तीन करारोपण अधिकारी से कार्य लिया जा रहा है। इसी प्रकार 100 पंचायत में सचिव के 15 पद रिक्त है। 15 सचिवों को दो पंचायत का प्रभार अतिरिक्त दिया गया है। 81 रोजगार सहायक कार्यरत है। 19 पद खाली है। इसके अलावा कार्यालय के संचालन में लिपिक और क्लर्क की कमी विगत अनेक वर्षो से बनी हुई है। देखा जाए तो जनपद पंचायत डोंगरगढ़ भगवान भरोसे चल रहा है।

मुढ़ीपार में रक्तदान, हार्टअटैक व कैंसर जागरूकता परीक्षा संपन्न : 200 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

मुढ़ीपार (दावा)। प्रदेश में सामाजिक सरोकारों और जनकल्याणकारी गतिविधियों में अग्रणी संस्था छात्र युवा मंच (सीवाईएम) द्वारा ग्राम मुढ़ीपार में रक्तदान, हार्ट अटैक एवं कैंसर जागरूकता परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस अनूठी परीक्षा में स्थानीय स्कूल एवं कॉलेज के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराने के साथ-साथ वर्तमान समय की गंभीर बीमारियों–हार्ट अटैक एवं कैंसर के लक्षण, बचाव व रोकथाम के प्रति सजग करना रहा, ताकि वे स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार और समाज को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर सकें।

गंभीर स्वास्थ्य विषयों पर आधारित थे प्रश्न

छात्र युवा मंच के प्रदेश मंत्री रक्तवीर दुष्यंत सेन ने बताया कि ग्राम मुढ़ीपार में प्रतिवर्ष रक्तदान जागरूकता परीक्षा आयोजित की जाती है।

इस वर्ष नवाचार करते हुए प्रश्नपत्र में रक्तदान के अलावा हार्ट अटैक एवं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न भी शामिल किए गए। इससे विद्यार्थियों को इन गंभीर बीमारियों के संबंध में सटीक व वैज्ञानिक जानकारी मिली।

जिससे वे समाज में एक स्वास्थ्य दूत की भूमिका निभा सकें। उन्होंने आयोजन में मिले सहयोग के लिए शाला प्रबंधन का आभार जताया।

विद्यार्थियों के जरिए घर-घर पहुंचेगा संदेश : जितेन तिवारी

कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष जितेन तिवारी, संस्था के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। जितेन तिवारी ने कहा कि वे हर वर्ष विद्यालय में इस परीक्षा का आयोजन करवाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के माध्यम से उनके पूरे परिवार तक रक्तदान और स्वास्थ्य जागरूकता की अलख जगाना है। उन्होंने कहा कि ÷रक्तदान महादान है÷ और इस दिशा में छात्र युवा मंच का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आसपास के अन्य विद्यालयों से भी इस प्रकार की ज्ञानवर्धक व जीवनरक्षक परीक्षाएं आयोजित कराने का आह्वान किया।

बिना रेरा पंजीयन प्लॉट बेचने पर महागणपति डेव्हलपर्स पर 8 लाख का जुर्माना

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने बिना पंजीयन प्लॉट बेचने के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए राजधानी के महागणपति डेव्हलपर्स पर 8 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। इसके साथ ही प्राधिकरण ने प्रमोटर को संबंधित ले-आउट परियोजना को जल्द से जल्द रेरा के तहत पंजीकृत कराने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

सीजी रेरा ने लिया स्वतः संज्ञान, प्रोजेक्ट को तत्काल पंजीकृत कराने के दिए सख्त निर्देश

मिली जानकारी के अनुसार, महागणपति डेव्हलपर्स द्वारा रायपुर में एक प्लॉटेड ले-आउट प्रोजेक्ट विकसित कर बिना रेरा पंजीयन के ही भूखंडों का विक्रय किया जा रहा था। भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 3 के अंतर्गत किसी भी पंजीयन योग्य परियोजना का बिना रेरा रजिस्ट्रेशन विज्ञापन, विपणन, बुकिंग या विक्रय करना पूरी तरह गैरकानूनी है।

मामला सामने आने पर सीजी रेरा ने स्वप्रेरणा (सुओ मोटो) से संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज किया। जांच व सुनवाई के दौरान नियमों का खुला उल्लंघन पाए जाने पर प्राधिकरण ने विकासकर्ता पर 8 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया। रेरा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि खरीदारों व आवंटियों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना वैध पंजीयन अवैध प्लॉटिंग अथवा मकान बेचने वाले डेवलपर्स के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

राजनांदगांव क्षेत्र में 65 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को 19.46 करोड़ की राहत, अब 31 दिसंबर तक मिलेगा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का लाभ

राजनांदगांव (दावा)। कवर्धा/खैरागढ़/मोहला मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 के तहत राजनांदगांव क्षेत्र के चार जिलों के 65 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को पुराने बिजली बिलों के बकाये से राहत मिली है। योजना के अंतर्गत अब तक मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में कुल 19 करोड़ 46 लाख रुपये की छूट दी जा चुकी है।

उपभोक्ताओं की सुविधा और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से योजना की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में योजना का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना से बीपीएल, घरेलू एवं कृषि श्रेणी के पात्र उपभोक्ताओं को पुराने बकाये के निपटारे पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार छूट का लाभ दिया जा रहा है।

अब तक योजना के तहत 65,062 उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें 31,392 निष्क्रिय उपभोक्ता तथा 33,669 पात्र सक्रिय उपभोक्ता शामिल हैं। राजनांदगांव क्षेत्र के सात विद्युत संभागों में योजना को लेकर उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी सामने आई है। कवर्धा संभाग में 24,415, पंडरिया में 21,234, राजनांदगांव में 6,023, डोंगरगढ़ में 5,351, खैरागढ़ में 3,670, मोहला में 3,076 तथा डोंगरगांव संभाग में 1,293 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता योजना का लाभ ले चुके हैं।

योजना का लाभ प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि के निपटारे में भी उल्लेखनीय रुचि दिखाई गई है। अब तक लाभान्वित उपभोक्ताओं द्वारा लगभग 5 करोड़ 89 लाख रुपये की बकाया राशि बिजली कंपनी में जमा की जा चुकी है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को पुराने बकाये के आर्थिक बोझ से राहत मिल रही है, बल्कि बिजली कंपनी के राजस्व संग्रहण को भी गति मिल रही है।

66 वितरण केंद्रों एवं 3 जोनों में विशेष अभियान

राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने बताया कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र उपभोक्ता तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र के 66 वितरण केंद्रों एवं 3 जोनों में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी वितरण केंद्रों में उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर पात्रता, छूट एवं बकाया निपटारे की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना की अवधि बढ़ाए जाने से उन पात्र उपभोक्ताओं को भी अपने पुराने बिजली बिल के बकाये का समाधान करने का अतिरिक्त अवसर मिला है। जो किसी कारणवश अब तक योजना का लाभ नहीं ले सके हैं। विभाग का प्रयास है कि निर्धारित अवधि में अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा जाए।

31 दिसंबर 2026 तक उठाएं योजना का लाभ

मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकाया बिजली बिल वाले पात्र बीपीएल, घरेलू एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ता योजना का लाभ लेने में विलंब न करें। उपभोक्ता 31 दिसंबर 2026 तक अपने निकटतम विद्युत वितरण केंद्र अथवा जोन कार्यालय में संपर्क कर योजना के तहत अपने बकाया बिजली बिल का निपटारा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने बकाये का समाधान उपभोक्ताओं को आर्थिक बोझ से राहत देने के साथ ही उनकी विद्युत सेवा को व्यवस्थित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि योजना की बड़ी हुई समय-सीमा का लाभ उठाते हुए निर्धारित अवधि में अपने बकाये का निपटारा करें और नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर जिम्मेदार उपभोक्ता की भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 का उद्देश्य पुराने बिजली बिलों के बोझ से प्रभावित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों एवं किसानों को राहत प्रदान करते हुए उन्हें विद्युत सेवाओं से जुड़े आर्थिक दायित्वों के समाधान का अवसर उपलब्ध कराना है।

साइबर अपराध से बचाव व राशि रिकवरी पर कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में साईबर काईम पीड़ित सहायता एवं ठगी गई रकम की वापसी योजना-2026 के परिपेक्ष्य में साईबर सेल, राजनांदगांव के समन्वय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरालीगल वालिन्टियर्स हेतु साईबर काईम, डिजिटल अरेस्ट एवं साईबर सुरक्षा, ठगी गई राशि की वसूली विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन के रूप में साईबर सेल राजनांदगांव के सहायक उपनिरीक्षक द्वारिका प्रसाद लाउत्रे उपस्थित रहे। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलिन्टियर्स के अतिरिक्त, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम राजनांदगांव के कर्मचारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा रिसोर्स पर्सन द्वारिका प्रसाद लाउत्रे को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्री लाउत्रे द्वारा पैरालीगल वालिन्टियर्स एवं उपस्थित अन्य कर्मचारियों को साईबर काईम व वर्तमान में साईबर ठगों द्वारा प्रयोग की जा रही तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि आजकल साईबर ठगों द्वारा नित नवीन तरीकों के माध्यम से लोगों को अपनी बातो में उलझाकर उनके खातों से मोटी रकम हथिया ली जाती है। तत्संबंध में यह भी जानकारी दी गई कि अपने मोबाईल फोन में किसी भी अनजाने व संदेहास्पद नंबर से आने वाले कॉल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिये तथा व्हाट्सएप के माध्यम से आने वाले अनजान नंबर के विडियो अथवा ऑडियो कॉल पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिये। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कैसे आजकल साईबर ठगों द्वारा भोले-भाले लोगों को कॉल के माध्यम से अपनी बातो में फसाकर विभिन्न माध्यमों जैसे रकम दुगुनी करने, ऑनलाईन ट्रेडिंग के माध्यम से पैसा कमाने का लालच देकर मोटी रकम ऐंठ ली जाती है। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से किसी अनजान नंबर से आने वाले किसी भी प्रकार के पीडीएफ अथवा एपीके.फाईल को डाउनलोड नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करते ही उपयोगकर्ता के मोबाईल में मौजूद सारी उपयोगी जानकारी साईबर ठगों के पास पहुंच जाती है और वे बड़ी ही आसानी से लोगों के खातों से पैसों की लूट कर लेते हैं। किसी भी अनजाने नंबरों से अनचाही जानकारी या आपत्तिजनक सामग्री आने पर ऐसे नंबरों की शिकायत तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 पर की जानी चाहिए अथवा समीप स्थित साईबर प्रकोष्ठ में तत्काल शिकायत दर्ज करानी चाहिए। साईबर ठगी के संबंध में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान की भी जानकारी उक्त आयोजित शिविर में प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साईबर क्राईम पीड़ित सहायता एवं ठगी गई रकम की वापसी योजना 2026 के संबंध में बताया गया कि पैरालीगल वालिन्टियर को सर्वप्रथम पीड़ित से शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल 1930 पर सूचना दिया जाना है तथा योजना में दिये गये प्रारूप में जानकारी संबंधित थाना एवं कार्यालय को तथा संबंधित पीड़ित के संबंधित बैंक की शाखा में दिया जाना है। यह विशेष रूप से ध्यान दिया जाना है कि समय पर जानकारी देने पर पीड़ित पक्ष की ठगी गई राशि पुलिस थाना व बैंक के द्वारा होल्डिंग की जा सकेगी तथा पीड़ित पक्ष को थाने अथवा न्यायालय के माध्यम से होल्डिंग की गई राशि जांच उपरांत पीड़ित को प्राप्त होगी। पैरालीगल वालिन्टियर तत्काल पीड़ित पक्ष को जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता देंगे।

गौरी नगर-स्टेशन पारा की जनता को क्या भेड़-बकरी समझती है सरकार ? : अभिमन्यु मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। गौरी नगर-स्टेशन पारा रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन लगने वाले भीषण जाम और आधे-आधे घंटे तक फाटक बंद रहने की समस्या को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोला है।

रेलवे फाटक की मनमानी बंदी से जनता बेहाल; कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के आवागमन में घंटों खड़े रहने को मजबूर क्षेत्रवासियों की परेशानी पर शासन-प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। मिश्रा ने तीखा सवाल दागते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में विकास व सुशासन के बड़े-बड़े दावे करने वाले भाजपा नेताओं को जनता की यह बुनियादी समस्या क्यों नहीं दिखाई देती? क्या सरकार यहां के नागरिकों को इंसान न समझकर भेड़-बकरी समझती है कि जब चाहा और जितनी देर चाहा फाटक पर खड़ा कर दिया? उन्होंने चिंता जताई कि आधे-आधे घंटे फाटक बंद रहने से नौकरीपेशा और व्यापारियों का समय तो बर्बाद होता ही है। गंभीर मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस फंसने से जान पर बन आती है।

अधूरा अंडरब्रिज जख्मों पर छिड़क रहा नमक

कांग्रेस नेता ने कहा कि क्षेत्रवासी लंबे समय से अंडरब्रिज की मांग कर रहे हैं, लेकिन वर्षों से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। अधूरे निर्माण के कारण बारिश में जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। जब कार्य पूरा ही नहीं करना था तो जनता पर यह मुसीबत क्यों थोपी गई?

प्रशासन से प्रमुख मांगें

अधूरे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर समय-सीमा में पूरा कराया जाए। निर्माण पूर्ण होने तक रेलवे और स्थानीय प्रशासन समन्वय बनाकर फाटक बंद रखने की अधिकतम समय-सीमा तय करें। अभिमन्यु मिश्रा ने चेतावनी दी कि जनता अब कोरे आश्वासनों से थक चुकी है और ठोस समाधान चाहती है। यदि शीघ्र ही स्थायी निराकरण नहीं किया गया तो क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर उग्र व लोकतांत्रिक आंदोलन छेड़ा जाएगा।

प्रयास कभी गलत नहीं होता, बस उसे सही दिशा की जरूरत : मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी

राजनांदगांव (दावा)। हमारा प्रयास कभी गलत नहीं होता, बस उसे सही दिशा की जरूरत होती है। हमारा पुरुषार्थ गलत नहीं है, किंतु जिस दिशा में पुरुषार्थ होना चाहिए था, उस दिशा में हमने कुछ नहीं किया। मन में विचार आते हैं, उन्हें रोको मत बल्कि सही दिशा दो, तो अपने उद्देश्य में सफलता अवश्य मिलेगी। उक्त प्रेरणादायी विचार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी ने जैन बगीचा स्थित ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में जितना सहज भाव आएगा। ज्ञान प्राप्ति की राह उतनी ही सरल और सुगम होती चली जाएगी।



मन की पवित्रता बाहर नहीं, हमारे भीतर ही मौजूद, हर दिन पांच मिनट खुद के आत्मचिंतन के लिए निकालें

मन की पवित्रता के लिए नई तलाश की जरूरत नहीं

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने जानकारी देते हुए बताया कि चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में मुनिश्री ने कहा कि अक्सर हम मान लेते हैं कि केवल हमारी ही दिशा सही है, जबकि सामने वाले की दिशा भी सही हो सकती है, इसलिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाकर सही दिशा को समझने का प्रयास करना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि हम शांति और पवित्रता की जिस वस्तु को बाहर ढूंढ रहे हैं, वह पहले से ही हमारे भीतर मौजूद है। जब सोने और भोजन जैसी दैनिक क्रियाओं में हमें किसी नए तरीके की जरूरत महसूस नहीं होती और पुराने ढर्रे से काम चल जाता है, तो फिर मन को निर्मल और पवित्र बनाने के लिए हम बाहर नयापन क्यों तलाशते हैं?

मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी ने जोर देकर कहा कि जब हम स्वयं को जानने का प्रयास करते हैं, तभी हमें नई दृष्टि की आवश्यकता महसूस होती है। मनुष्य ने भोजन और नींद को तो अपने शरीर का अभिन्न अंग बना लिया, लेकिन अपने जीवन के वास्तविक मर्म को आत्मसात नहीं किया। यही कारण है कि हम आत्मचिंतन से दूर भागते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक भीतर स्वीकार का भाव जाग्रत नहीं होगा। तब तक कुछ भी नया सीख पाना संभव नहीं है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे प्रतिदिन कम से कम पांच मिनट का समय केवल अपने लिए निकालें। इस दौरान अपनी पूर्वग्रह से भरी मानसिकता से मुक्त होकर यह सोचें कि दिन भर में क्या किया और उससे क्या सकारात्मक सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले स्वयं के गुणों और स्वरूप को पहचानना होगा। क्योंकि जब व्यक्ति खुद को जानेगा। तभी वह परमात्मा के मर्म को समझ सकेगा।

10 दिन में दो राष्ट्रीय पदक: पुलिस लाइन की 'राह आर्चरी अकादमी' ने रचा इतिहास, राजनांदगांव का बढ़ाया गौरव

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के पुलिस लाइन स्थित 'राह तीरंदाजी अकादमी' के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय फलक पर अपनी सटीक निशानेबाजी का लोहा मनवाते हुए नया इतिहास रच दिया है। अकादमी के होनहार तीरंदाज प्रियांश भार्गव ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किया है। उल्लेखनीय है कि महज 10 दिन पूर्व ही अकादमी की प्रतिभाशाली तीरंदाज सृष्टि चौरसिया ने सीबीएसई नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया था। मात्र 10 दिनों के भीतर दो राष्ट्रीय पदकों पर कब्जा जमाना अकादमी और पूरे जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गई है।

सृष्टि चौरसिया के रजत के बाद अब प्रियांश भार्गव ने राष्ट्रीय स्तर पर साधा पदकीय निशाना

कड़े अनुशासन और समर्पण का सुखद परिणाम

पदक विजेता प्रियांश भार्गव राइटनर मेमोरियल स्कूल के छात्र हैं। वे अकादमी के मुख्य कोच अजेंद्र कुमार तांडेकर के मार्गदर्शन में कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। नियमित अनुशासन, आधुनिक तकनीक और निरंतर प्रशिक्षण के दम पर प्रियांश ने यह मुकाम हासिल किया। वहीं दूसरी ओर, डीपीएस राजनांदगांव की छात्रा सृष्टि चौरसिया ने पानीपत में आयोजित सीबीएसई नेशनल गेम्स 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक झटका था। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार दूसरे वर्ष पदक जीतकर सृष्टि ने अकादमी की मजबूत खेल बुनियाद को साबित किया है।

पुलिस विभाग व सहयोगी संस्थाओं का मिल रहा संबल

अकादमी की इस स्वर्णिम सफलता में राजनांदगांव पुलिस विभाग के संरक्षण और स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस विभाग की देखरेख में संचालित इस अकादमी के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही आईबी ग्रुप (अबिस ग्रुप) द्वारा भी खिलाड़ियों को समय-समय पर जरूरी संसाधन और सहयोग प्रदान किया जा रहा है। प्रियांश और सृष्टि की इस दोहरी राष्ट्रीय सफलता पर पुलिस महानिदेशक अजय यादव, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, स्व. अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन के सचिन अग्रहरी, रक्षित निरीक्षक (आरआई) लोकेश कसेर, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज चौधरी, डॉ. चेतन साहू सहित पुलिस अधिकारियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

अघोषित बिजली कटौती से राजनांदगांव के उद्योगों पर गहराया संकट, 1 लाख परिवारों की आजीविका पर असर

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लगातार हो रही अघोषित व लंबी लोड शेडिंग और बार-बार बिजली गुल होने से औद्योगिक इकाइयों की कमर टूट गई है। स्थिति से त्रस्त 'इंडस्ट्रियल एसोसिएट्स, राजनांदगांव' ने विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन और मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल करने की गुहार लगाई है। उद्योगपतियों का कहना है कि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो कई उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे।

इंडस्ट्रियल एसोसिएट्स ने विद्युत वितरण कंपनी को सौंपा ज्ञापन; 50 लाख मुर्गियों की जान खतरे में, करोड़ों के नुकसान की आशंका

कंटिन्यूअस प्रोसेस इंडस्ट्रीज को भारी नुकसान

ज्ञापन में बताया गया कि जिले के अधिकांश उद्योग 24 घंटे और 365 दिन लगातार चलने वाले (कंटीन्यूअस प्रोसेस) हैं। अचानक बिजली गुल होने से भारी मशीनों, वीएफडी, मोटर्स और ट्रांसफार्मर के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कच्चा माल, स्टीम, केमिकल और ईंधन बर्बाद हो जाते हैं। अचानक बंद हुई मशीनों को दोबारा शुरू करने और सामान्य स्थिति में लाने में घंटों का समय और भारी खर्च लगता है। इससे उद्योगों को अब तक करोड़ों रुपये की वित्तीय क्षति हो चुकी है।

पोल्ट्री फार्मों में 50 लाख मुर्गियों के जीवन पर संकट

बिजली संकट का असर बीजाभाटा, ढवराभाटा, गोदरी, मचानपार और दीवान झिटिया जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पोल्ट्री व लाइवस्टॉक फार्मों पर भी पड़ा है। एबीआईएस सहित अन्य फार्मों में लगभग 50 लाख मुर्गियां हैं। बिजली न रहने से वेंटिलेशन, तापमान नियंत्रण, फीडिंग और पानी की सप्लाई ठप हो रही है। जिससे बड़े पैमाने पर मुर्गियों के मरने का खतरा मंडरा रहा है।

1 लाख परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी

उद्योगपतियों ने चेताया कि यह केवल उत्पादन का मुद्दा नहीं, बल्कि उद्योगों और कामगारों के अस्तित्व का सवाल है। जिले के उद्योगों पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 1 लाख परिवार आश्रित हैं। जिनमें ठेका मजदूर, ट्रांसपोर्टर्स, पैकेजिंग और स्थानीय छोटे व्यापारी शामिल हैं। उत्पादन घटने या कारखाने बंद होने की स्थिति में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और आर्थिक संकट पैदा हो सकता है।औद्योगिक फीडरों पर लंबी लोड शेडिंग तुरंत बंद कर निर्बाध आपूर्ति बहाल की जाए। मेंटेनेंस या शटडाउन की स्थिति में उद्योगों को पूर्व सूचना दी जाए, ताकि मशीनों को सुरक्षित तरीके से बंद किया जा सके। औद्योगिक क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर, सब-स्टेशन और फीडर लोड की तकनीकी समीक्षा कर दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। बड़े उद्योगों के लिए आवश्यकतानुसार डेडिकेटेड (समर्पित) फीडर की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में डोंगरगांव पेपर मिल्स (विनोद लोहिया), ड्रूल्स पेट फूड, श्रेया टिन एंड प्लास्टिक्स, श्रेया एग्रो इंडस्ट्रीज, हाई-टेक मेटल पाउडर्स, खेतानी बोर्ड्स, कमल सॉल्वेंट, हाई-टेक पैनल्स, हाई-टेक रॉकफाइबर, एम.जी. रबर, श्रद्धा एग्रो सहित जिले के कई प्रमुख उद्योग शामिल हैं।

काला दिवस पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन : राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में फूंका पुतला, मुख्य चुनाव आयुक्त का भी किया दहन

0 शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में प्रदर्शन, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की उठाई मांग

0 वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत विपक्ष की आवाज दबाने का लगाया आरोप

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को 'काला दिवस' मनाया। इस दौरान उत्तर और दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शहर के अलग-अलग चौराहों पर काले कपड़े पहनकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया और पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चिखली चौक पर एकत्र होकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। वहीं दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गंज चौक में राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन व पुतला दहन किया।

लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबाना अस्वीकार्य : जितेन्द्र मुदलियार

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार की मौजूदगी में आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं, निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली और नागरिकों के मताधिकार पर कुठाराघात का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का मत ही सर्वोपरि ताकत होता है। निष्पक्ष चुनाव कराना और इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता अक्षुण्ण रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के माध्यम से जनता को जागरूक कर रही है। दक्षिण ब्लॉक के नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार दमनकारी नीतियों के जरिए विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जबकि मजबूत विपक्ष ही लोकतंत्र की वास्तविक रीढ़ है। प्रदर्शन में उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण यादव, सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, हफीज खान, राकेश जोशी, मनीष गौतम, देवेश वैष्णव, सिद्धार्थ डोंगरे, ललित मरकाम, अमर झा, भोला यादव, कादिर कुरैशी, सचिन तुरहाटे, हर्षिल भलावे, प्रदीप यादव, सोनू साहू, कुंदन वाहने, यादराव, राजिक सोलंकी, पवन तिवारी, गोलू महानंद, शिवम गढ़पाले, राजा चौहान, मनीष सावरकर, पीयूष बघेल, शशांक डोंगरे, अरुण देवांगन, हिमालय बांदे, निश्चय बुराडे, कमल सिरशाम, अभिषेक सिंह, राहुल यदु, दीपक सिन्हा, राहुल बंधे व राहुल सिन्हा सहित अनेक मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गंज मंडी में अयोध्या के भव्य श्रीरामलला मंदिर पर आज चढ़ेगा स्वर्ण शिखर कलश : नवरात्रि में सजेगा विशाल मेला

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर संस्कारधानी के बसंतपुर स्थित गंज मंडी परिसर में इस बार आस्था और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। गंज मंडी व्यापारी संघ द्वारा मंडी दुर्गोत्सव के तत्वावधान में मां जगदंबा की नयनाभिराम प्रतिमा के साथ-साथ अयोध्या के भव्य श्रीरामलला मंदिर की हूबहू प्रतिकृति स्थापित की जा रही है। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन-अर्चन के साथ मंदिर के शीर्ष पर तीनों स्वर्ण शिखर कलश स्थापित किए जाएंगे।

कोलकाता व राजस्थान के कलाकारों ने 30 हजार थर्माकोल डिब्बों से गढ़ी अयोध्या धाम की जीवंत प्रतिकृति

थर्माकोल की भव्य नक्काशी, 35 से 40 लाख का बजट

मंडी के बाबू बलभद्र चंद्राकर ने बताया कि व्यापारी संघ के सुनील उभेरानी, पप्पू अग्रवाल, डागा जी सहित पूरी टीम इस आयोजन को भव्यता देने में जुटी है। कोलकाता और राजस्थान से आए दक्ष कारीगरों ने दिन-रात परिश्रम कर इस झांकी को अंतिम रूप दिया है। निर्माण में लगभग 30 हजार थर्माकोल के डिब्बों का उपयोग हुआ है, जिस पर की गई बारीक नक्काशी अयोध्या के मूल मंदिर का साक्षात अहसास कराती है। झांकी निर्माण पर करीब 35 से 40 लाख रुपये की लागत आई है। आज कलश स्थापना के साथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा।

11 को विराजेंगी मां भगवती

श्रीरामलला मंदिर के ठीक समीप एक भव्य और आकर्षक मंच तैयार किया गया है। जहां 11 अक्टूबर से आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा पूरे विधि-विधान के साथ विराजमान होगी। नौ दिनों तक यहां नियमित पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलेगा। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंडी के बाजू से एक भव्य तोरण द्वार बनाया गया है, जहां से लगभग 100 मीटर की दूरी तय कर श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन कर सकेंगे। परिसर के विशाल भू-भाग में व्यापक मेले की व्यवस्था की गई है। बच्चों व युवाओं के मनोरंजन के लिए बड़े हवाई झूले, ड्रैगन ट्रेन, जंपिंग नेट सहित कई छोटे-बड़े झूले लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं और बच्चों के लिए सौंदर्य प्रसाधन, मनिहारी सामग्री, खिलौने तथा लजीज चाट-पकौड़े के स्टॉल सजकर तैयार हो रहे हैं। शहर और ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। जिससे नवरात्रि के दौरान पूरा गंज मंडी परिसर मिनी मेले के रूप में तब्दील रहेगा।

क्षेत्र में वाद-विवाद कर अशांति फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

राजनांदगांव। आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व के मद्देनजर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चौकी चिखली पुलिस ने क्षेत्र में वाद-विवाद कर अशांति फैलाने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि अभियान के दौरान 9 अक्टूबर को सूचना मिली कि बदमाश आयुष कंवर (22 वर्ष, निवासी बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 01, स्कूल मैदान के पास) तथा पारख दास महानंद (54 वर्ष, निवासी बोरी वार्ड नं. 07) द्वारा क्षेत्र में आमजनों से वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग की जा रही है। मौके पर किसी अप्रिय घटना या विवाद के बढ़ने की प्रबल आशंका को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में ले लिया। सार्वजनिक शांति भंग करने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत वैधानिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

अवैध मुरुम खनन की शिकायत पर अधिकारियों ने दी दस्तक, ग्रामीणों के पहुंचते ही वाहन चालक फरार

डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्र के चौथना-अड्डी मार्ग पर स्थित सरकारी खाद गोदाम के पीछे बड़े भू-भाग में धड़ल्ले से चल रहे अवैध मुरूम खनन की शिकायत पर खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की है। अधिकारियों द्वारा अवैध खनन में संलिप्त वाहनों और संबंधित सिंडिकेट की पतासाजी की जा रही है।

० चौथना-अड्डी मार्ग पर सरकारी गोदाम के पीछे बड़े पैमाने पर हो रहा अवैध उत्खनन
० संरक्षण देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई होने पर ही रुकेगा अवैध धंधा : ग्रामीण

रात के अंधेरे में खनन, ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों के अनुसार खनन माफिया सुनसान इलाके का फायदा उठाकर रात के समय भारी वाहनों से मुरूम का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इतने सुनसान क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं के वाहनों के पास जाना आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और साइटों का औचक निरीक्षण किया जाए। जिससे यह स्पष्ट हो सके कि निर्माण एजेंसियां व ठेकेदार किन वाहनों से और किस वैध अनुमति के तहत मुरूम मंगा रहे हैं।

ग्रामीणों के पहुंचते ही भागे वाहन चालक

डोंगरगढ़-बोरतलाव मार्ग पर ग्राम पंचायत चौथना से चिदों रोड स्थित खाद गोदाम के पीछे, गिट्टी डोंगरी की ओर रास्ता बनाकर बड़े पैमाने पर मुरूम का दोहन किया जा रहा है। ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि इस अवैध कारोबार को स्थानीय राजस्व अमले और जिम्मेदार अधिकारियों का मौन संरक्षण प्राप्त है। मामले की भनक लगते ही सरपंच, पंचों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। ग्रामीणों को आता देख खनन में लगे वाहनों के चालक गाड़ियां लेकर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से औपचारिक शिकायत करने का निर्णय लिया।

रेत के साथ मुरूम के अवैध उत्खनन पर भी सख्त नियंत्रण की मांग

हाल ही में जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव द्वारा जारी अधिकृत जानकारी के अनुसार, जिले में रेत की वैधानिक उपलब्धता सुनिश्चित करने और अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए 15 अक्टूबर से रेत घाटों का संचालन शुरू किया जा रहा है। साथ ही चार नई स्वीकृत खदानों में भी खनन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। ग्रामीणों का कहना है कि रेत घाटों के संचालन और अवैध उत्खनन पर नियंत्रण की सरकारी मंशा तभी पूरी होगी, जब मुरूम के अवैध दोहन पर भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मांग की है कि इस अवैध कारोबार को प्रश्रय देने वाले लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उन पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

डीजीपी अरुण देव गौतम ने किया केसीजी जिले का दौरा : एसपी कार्यालय व नवीन पुलिस लाईन का लिया जायजा

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम (भा.पु.से.) ने शुक्रवार को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिले का एक दिवसीय प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला साइबर लैब और निर्माणाधीन नवीन जिला पुलिस लाइन का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कामकाज की समीक्षा की। दौरे में राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अजय कुमार यादव एवं जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) लक्ष्य शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कामकाज और डिजिटल पुलिसिंग की समीक्षा

डीजीपी अरुण देव गौतम ने एसपी कार्यालय की डीएसबी, वेतन, फंड, स्थापना, ओ.एम. एवं एस.आर.सी. शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पंजियों के रखरखाव की जांच करते हुए शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और समयबद्धता लाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जिला साइबर लैब पहुंचकर साइबर अपराधों की रोकथाम और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण की तकनीकी प्रणालियों का जायजा लिया। उन्होंने थानों में संचालित ऑनलाइन पोर्टल्स और डिजिटल पुलिसिंग के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया।

जन शिकायतों के त्वरित निराकरण पर बल

जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी और डीएसपी की बैठक लेते हुए डीजीपी ने अपराध नियंत्रण, विवेचना की प्रगति और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि गंभीर व लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निराकरण किया जाए तथा आम नागरिकों की शिकायतों पर संवेदनशीलता व तत्परता से कार्रवाई हो।

नवीन पुलिस लाइन में किया वृक्षारोपण

डीजीपी ने निर्माणाधीन नवीन जिला पुलिस लाइन पहुंचकर भवनों और आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों की गुणवत्ता परखी। उन्होंने कार्य को तय समयसीमा व मानकों के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण भी किया। प्रवास के अंत में पुलिस महानिदेशक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

मिरेकल रिसॉर्ट मनगटा में लाखों की चोरी का पर्दाफाश : तीन आरोपी गिरफ्तार, कार सहित 2.59 लाख का मशरूका जब्त

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनगटा स्थित चर्चित 'मिरेकल रिसॉर्ट' के कॉटेज से लाखों रुपये के घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य सामान चोरी करने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जबकि मामले में शामिल विधि से संघर्षरत बालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का शत-प्रतिशत सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई एक कार सहित कुल 2,58,900 रुपये का मशरूका बरामद किया है।

कॉटेज से एसी, फ्रिज, गीजर, साउंड बॉक्स और नल पार करने वाले गिरोह को सोमनी पुलिस ने दबोचा

ताला तोड़कर उड़ाया था सामान

जानकारी के अनुसार 29 सितंबर की शाम 3 बजे से 3 अक्टूबर की शाम 4 बजे के दरमियान अज्ञात चोरों ने मिरेकल रिसॉर्ट के कॉटेज नंबर 136, 129 एवं 131 को निशाना बनाया था। शातिर चोर कॉटेज से 5 नग एसी, 2 फ्रिज, 1 साउंड बॉक्स, 4 गीजर, 3 नल और 1 गैस सिलेंडर पार कर ले गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 242/2026, धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी।

पुलिस टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म मुआयना कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिरों को सक्रिय किया। संदेह के आधार पर पुलिस ने युवराज खुटेल उर्फ लोचन (20 वर्ष), निवासी मुढ़ीपार को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथी मोहित लोहार (21 वर्ष, निवासी मुढ़ीपार), रितिक वर्मा (23 वर्ष, निवासी पंचपेड़ी) और दो विधि से संघर्षरत बालकों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए 5 एसी, 2 फ्रिज, 4 गीजर, 2 नल तथा वारदात में परिवहन के लिए प्रयुक्त कार (क्रमांक छग 04 रू 5814) बरामद कर ली है। जब्त मशरूका और वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2.59 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तीनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और फरार आरोपियों की पतासाजी जारी है।

पनेका के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलस सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड ग्राम पनेका के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलस सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हर घर मुनगा-घर-घर मुनगा अभियान के संबंध में जानकारी दी गई और बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता किया गया। कार्यक्रम में एचआईवी एवं एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक रहने और इसके बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। किशोरी बालिकाओं को एनीमिया व खून की कमी से बचने के लिए खान-पान और सही पोषण की जानकारी दी गई। दैनिक जीवन में स्वच्छता और साफ-सफाई का महत्व बताया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com